52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 25.7°c | अधिकतम 34.2°c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:36 सूर्यास्त : 7:14 | वर्ष : 52/ अंक : 208 | रविवार, 28 जुलाई 2024 | श्रावण, कृष्ण पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

अमृतवाणी

भरोसा रखें कि हमारा जीवन बहुत शानदार है, यही भरोसा इसे हकीकत बना देगा।

सरकार में आते ही 24 घंटे में कर देंगे खत्म अग्निपथ योजना : अखिलेश यादव

केन्द्र में सरकार आने की बात है... या यूपी में?.....

आतंकी साया : आखिर उतारनी ही पड़ी एटीएस कमांडो फोर्स

▶ कांवड़ यात्रा पर आतंकी साया, शिव चौक पर एटीएस कमांडो को लगाया ▶ रामपुर से कांवड़ यात्रा में सुरक्षा के लिए भेजी गई एटीएस की 50 सदस्यीय स्पेशल पुलिस ऑपरेशन टीम ▶ डीएम और एसएसपी ने एटीएस के स्पेशल कमांडो और अफसरों के साथ शहर में किया फ्लैग मार्च

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। कांवड़ यात्रा पर आतंकी साये की आशंकाओं के बीच शिव भक्तों की सुरक्षा का जिम्मा अब एटीएस के कमांडो को सौंपा गया है। आपको बता दें कि कई दिन से कांवड़ मार्ग पर मंगलौर से लेकर मंसूरपुर पेट्रोल पम्प, मेरठ, गाजियाबाद के बीच कई बार कांवड़ियों और आम राहगीरों में जबरदस्त मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसे में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ाने की मांग करते हुए आज उक्त सभी व्यवस्था एटीएस को सौंप दी। चप्पे-चप्पे पर एटीएस के जवान हथियार ताने हुए दिखाई दिये। माना जा रहा है कि कांवड़ यात्रा के दौरान आतंकी साया भी पनप सकता है, क्योंकि उक्त यात्रा 4 करोड़ शिवभक्तों की यात्रा बताई जा रही है, ऐसे में कोई भी अनहोनी होने का खतरा नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसी के चलते बख्तर बंद गाड़ी और अत्याधुनिक हथियारों से लैस कमांडो ने शिव चौक पर शनिवार सुबह पहुंचकर सुरक्षा की कमान संभाली। इससे पहले जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी और एसएसपी अभिषेक सिंह ने परिचय प्राप्त कर उन्हें ब्रीफ किया। दोनों अधिकारियों ने कमांडो के साथ शहर के कांवड़ मार्ग पर पैदल मार्च भी किया।

कांवड़ यात्रा पर हर साल आतंकी साया मंडराता रहता है। इस बार भी प्रशासन से लेकर शासन कई आशंकाओं को लेकर ग्रसित है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कई करोड़ कांवड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर इस बार एटीएस को सुरक्षा की कमान सौंपी गई है। इसी कड़ी में शनिवार को रामपुर एटीएस हैड क्वार्टर से एटीएस की 50 सदस्यीय स्पेशल पुलिस ऑपरेशन टीम ने जिला मुख्यालय पर आमद दर्ज कराई। एसएसपी अभिषेक सिंह ने एटीएस के इन कमांडो को शिव चौक पर ब्रीफ करते हुए भूराहेडी चैकपोस्ट से लेकर भंगेला चेकपोस्ट के साथ ही दूसरे कांवड़ मार्ग की स्थिति से अवगत कराया और सुरक्षा बंदोबस्तों की जानकारी दी गई। बताया गया कि जिले में 240 किलोमीटर का कांवड़ मार्ग है, जहां पर आरआरएफ, आरएएफ, पीएसी के साथ ही पुलिस फोर्स और अन्य सुरक्षाकर्मियों को लगाया गया है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि कांवड़ यात्रा को निर्विघ्न व सकुशल सम्पन्न कराने तथा सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिये मुजफ्फरनगर पुलिस पूर्ण रूप से कटिबद्ध है।

कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी आतंकवादी घटना की रोकथाम के लिए एटीएस की स्पेशल पुलिस ऑपरेशन टीम के कमांडो का जनपद मुजफ्फरनगर आगमन हो गया है, जो कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर शिव चौक पर तैनात रहेगी। शिव चौक पवित्र स्थल है, जहां पर हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से आये कांवडिये परिक्रमा करके जाते हैं। एटीएस कमांडो के साथ ही सुरक्षा के दृष्टिगत कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिस फोर्स के अतिरिक्त 01 कम्पनी रेपिड एक्शन फोर्स, 06 कम्पनी पीएसी व फ्लड यूनिट तैनात हैं। साथ ही एन्टी सेबोटाज टीम व बोम्ब डिटेक्शन एण्ड डिस्पोजल स्कवाड द्वारा निरंतर जनपद के विभिन्न स्थानों पर चैकिंग की जा रही है। बताया कि शनिवार को एसएसपी अभिषेक सिंह द्वारा एटीएस स्पॉट कमांडो टीम को शिव चौक पर ब्रीफ करते हुए किसी भी आतंकवादी हमले से निपटने के लिए शिव चौक व आस-पास के स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था को उनके सुपुर्द किया गया। इससे पहले डॉग स्क्वायड और इंटेलिजेंस की टीम ने शिव चौक और अन्य कांवड़ रूट पर भ्रमण करते हुए चैकिंग अभियान चलाया।

कांवड़ यात्रा में व्यवस्था को लेकर बाबा पर टिप्पणी से हिन्दूवादी संगठन नाराज

बाग जानकीदास के शादाब सिद्दीकी की फेसबुक पोस्ट को लेकर पुलिस से कार्यवाही की मांग

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। कांवड़ रूट पर मांस की बिक्री पर रोक और शराब और गांजे की खरीदारी को लेकर फेसबुक पर बाबा योगी के राज पर की गई टिप्पणी को लेकर हिन्दूवादी संगठनों ने आक्रोश प्रकट किया है। उक्त टिप्पणी बाग जानकी दास निवासी शादाब द्वारा की गयी। उन्होंने पुलिस से इस मामले में आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। फेसबुक पर शादाब सिद्दीकी नाम के शख्स ने पोस्ट डालकर कांवड़ रूट पर मांस की बिक्री पर रोक लगाने और शराब तथा गांजे की बिक्री होने को लेकर बाबा राज पर सवाल उठाये थे। कुछ देर बाद ही यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। हिन्दूवादी संगठनों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए अपना आक्रोश जाहिर किया है। उन्होंने पुलिस से संज्ञान लेकर आरोपी शादाब के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

रंग बिरंगी विशाल कांवड़ों में उमड़ा भक्ति का उत्साह

▶ शिवचौक पर दिख रहा अद्भुत नजारा, पूरे मार्ग पर दिख रही शिवभक्तों की अजस्र धारा
▶ विभिन्न रंग रूप और भगवान शिव की आकृति वाली झांकियां देखने उमड़ रही भीड़

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। श्रावण मास पर भगवान शिव की भक्ति के लिए निकले कांवड़ियों का जोश अब तेजी से सैलाब में बदलने को तैयार है। जैसे-जैसे शिवरात्रि करीब आ रही है, शिवभक्तों की तादाद बढ़ रही है। माना जा रहा है कि अभी दूर इलाकों को कांवड़िए आ रहे हैं और पंचक समाप्त होने के बाद स्थानीय कांवडियों और डाक कांवड़ियों के आने का दौर शुरू होगा तो हाईवे पर नजर आ रही शिवभक्तों की अटूट धारा रंगबिरंगी कांवड़ों के सैलाब में परिवर्तित हो जाएगी। ऐसे में अब शिवभक्तों के समूहों में तेज आवाज वाली डीजे कांवड़ों के साथ विशाल आकार वाली कांवड़ों में शिवभक्तों की आस्था और भक्ति के विभिन्न स्वरूप नजर आ रहे हैं। इनमें भगवान शिव के विभिन्न रूपों के साथ रंग बिरंगे रंगों व रुपहली एलईडी लाईटों से सजीं कांवडें अपनी आभा बिखेर रही हैं।

हरिद्वार से गंगा जल लेकर तमाम स्थानों के लिए उमड़ रहे शिवभक्तों के रेले का अद्भुत रूप शिवचौक और कांवड़ मार्ग पर देखने को मिल रहा है। दिनभर जहां शिवभक्तों की अस्रज धारा अब शिवचौक पर भगवान शिव की परिक्रमा करते हुए मेरठ रोड और शामली रोड तथा बुढ़ाना रोड होते हुए बढ़ रही है, वहीं शाम होते ही शिवचौक पर अद्भुत नजारा देखने को मिला रहा है। रंग बिरंगी कांवड़ों में जहां शिवभक्तों की आस्था के तमाम रंग दिखाई दे रहे हैं, वहीं शिवचौक पर पहुंचते ही तो हर-हर बम बम का घोष करते हुए उनका जोश देखते ही बनता है। वहां शिवमूर्ति की परिक्रमा करते हुए उनका उत्साह उनमें नई ऊर्जा भरता प्रतीत हो रहा है। तेज आवाज वाले डीजे पर भजन बजाते भगवान शिव विभिन्न स्वरूपों में सजी कांवड़े आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। ऐसे में शाम के समय तो कांवड़ मार्ग और शिवचौक का नजारा अलौकिक नजर आता है। रंग बिरंगी लाइटों की आभा में जगमगाती आकर्षक कांवड़ें जब यहां पहुंचती हैं तो उनका नजारा लेने के लिए हजारों की तादाद में शिवभक्त शहर के विभिन्न कोनों से यहां पहुंच कर भगवान शिव के जय घोष में सुर मिलाते नजर आते हैं। ऐसे में भजनों की धुन पर नाचते गाते शिवभक्तों की तो बात ही अलग है। दिन में उमस भरी गर्मी के बाद शाम को सूरज ढलने के बाद जब मौसम थोड़ा अनुकूल होता है तो शिवभक्तों का उत्साह भी बढ़ जाता है। शिवचौक जहां खुद रंगबिरंगी रोशनी में नहाया हुआ है, वहीं कांवड़ों के विभिन्न रूपों में रंग बिरंगा प्रकाश बिखेरती कांवड़ों की सुंदरता देखते ही बनती है। इन कांवड़ों में विशाल आकार की भगवान शिव की प्रतिमाएं और विशाल आकार वाली कांवड़ें विशेष रूप से आकर्षित कर रही हैं। इस बार शिवभक्तों में शुरू से ही अधिक वजन वाली स्टील के मटकों की कांवड़ों का जो दौर चला था, वह अभी भी जारी है। युवाओं में अधिक से अधिक जल लेकर अपनी शक्ति को भगवान शिव के प्रति समर्पित करने का उत्साह बना हुआ है। कांवड़ शिविरों के साथ मार्गों पर ऐसी कांवड़े दिन भर नजर आ रही हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में बुजुर्ग और महिलाएं व बच्चे जहां इस यात्रा में भक्ति रस में डूबे हैं, वहीं खड़ी कांवड़ और दांडी कांवड़ लेकर आ रहे शिवभक्तों की आस्था का रूप भी इस यात्रा में नजर आ रहा है।

तितावी थाने के पास आल्टो कार की टक्कर से युवक की मौत

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। तितावी थाने के पास आल्टो कार की टक्कर से नूनाखेड़ा के एक युवक की मौत हो गई। उधर हरसौली गांव के जंगल में एक युवक का शव पेड़ पर लटका मिला। काफी प्रयासों के बाद भी उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने दोनों के शवों को

हरसौली गांव के जंगल में फांसी पर लटका मिला युवक का शव, नहीं हुई पहचान

पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तितावी थाना क्षेत्र के गांव नूनाखेड़ा निवासी अमरेश पुत्र मलखान शनिवार शाम को पैदल ही तितावी थाने के पास से गुजर रहा था, इसी बीच तेजी से आई आल्टो कार ने उसे कुचल दिया, जिस कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। तितावी थाना प्रभारी विकास यादव ने मौके पर पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी। उधर करवाड़ा और हरसौली के जंगल के बीच शनिवार सुबह एक युवक का शव पेड़ पर लटका मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ विकास यादव ने बताया कि मरने वाले युवक की अभी पहचान नहीं हो सकी है, फिलहाल शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। 72 घंटे में पहचान न होने की स्थिति में शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार किया जायेगा।

खरीदारी के विवाद में भाजपा नेता को दौड़ाकर पीटा

दुकानदार ने लगाया गल्ला लूटने का आरोप, पुलिस पहुंची तो झूठे निकले आरोप, भाजपा नेता ने दी तहरीर

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। खतौली कस्बे के एक बाजार में सामान खरीदने के लिए दुकान पर पहुंचे भाजपा नेता की दुकानदार से सामान की खरीदी को लेकर कहासुनी हो गई, बाद में यह नौबत मारपीट तक जा पहुंची, आरोप है कि दुकानदार ने भाजपा नेता को बाजार में दौड़ाकर पीट दिया और गल्ला लूटने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की तो लूट की सूचना ाूठी निकली। मामले में भाजपा नेता ने दुकानदार और अन्य हमलावरों के खिलाफ थाने में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

खतौली कस्बे में स्थित आवास विकास कालोनी निवासी एक भाजपा नेता शनिवार को बिद्दीवाडा बाजार में सामान लेने के लिए आया था। जब वह बाजार में स्थित एक दुकान पर पहुंचा तो वहां सामान की खरीदी को लेकर दुकानदार से भाजपा नेता की कहासुनी होने लगी। बहसबाजी से शुरू हुआ यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। भाजपा नेता का आरोप है कि दुकानदार ने अपने साथियों को बुलाकर उस पर जानलेवा हमला किया, जिसमें हमलावरों ने बाजार में दौड़ाकर उसकी पिटाई की और हाथापाई में उसके सारे कपड़े भी फाड़ दिए। इसी बीच भाजपा नेता को भाग कर जान बचानी पड़ी। वहीं दूसरी ओर इस घटना के बाद दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी, जिसमें आरोप लगाया कि युवक ने दुकान में घुसकर नोटों से भरा गल्ला लूटने का प्रयास किया। लूट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला तो उसमें मामला ही दूसरा निकला। गल्ले तक भाजपा नेता पहुंचता नजर नहीं आया तो पुलिस ने लूट की सूचना को ाूठा बताते हुए दुकानदार को हड़काया। वहीं घटना के बाद पीड़ित भाजपा नेता ने खतौली कोतवाली पहुंचकर आरोपी दुकानदार और उसके साथी हमलावरों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने कहा कि तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जा रही है।

301 फीट की तिरंगी कांवड़ व कैलाश पर्वत उठाए दशानन बने आकर्षण का केंद्र

मुजफ्फरनगर। शिवभक्तों की भीड़ के बीच आज जहां बागपत के शिवभक्तों की 301 फीट लंबी तिरंगी कांवड़ आकर्षण का केंद्र बनी, वहीं एक शिवभक्त की कांवड़ में दशानन अपने कांधों पर कैलाश पर्वत के साथ उस पर विराजमान शिव भगवान का नजारा अभूतपूर्व रहा। इसके साथ ही एक कांवड़ में शिवभक्त बुलडोजर पर चढ़ा नजर आया। बागपत के शिवभक्त 301 फीट की विशाल कांवड़ लेकर पहुंचे। इस कांवड़ का पहला हिस्सा भगवा रंग में था और इस पर जय श्रीराम लिखा नजर आया। इसके बाद तिरंगे रंग की यह झांकी आकर्षित करती रही। कांवड़िए जय श्री राम और भारत माता की जय का घोष करते हुए चल रहे। एक कांवड़ में विशालकाय कैलाश पर्वत को दशानन ने अपने कांधों पर उठा रखा है। इस पर भगवान शिव विराजित हैं। दिल्ली के किन्नरों की टोली आज शिवचौक पर पहुंची तो वहां उनका उत्साह नजर आया। उन्होंने कहा कि वे सबके कल्याण और देश की तरक्की के लिए कांवड़ लेकर आ रहे हैं।

खतौली में कांवड़ उठाने और मीट फेंकने के प्रयास पर हंगामा

जीटी रोड पर युवक की नापाक हरकत के कारण माहौल बिगड़ते बचा

खतौली, 27 जुलाई (बु.)। खतौली में आज जीट रोड पर उस समय बवाल मचने से बाल बाल बच गया जब एक शरारती युवक ने वहां सड़क पर रखी एक कांवड़ उठाने का प्रयास किया। कांवड़ियों ने उसे देखकर शोर मचाया तो युवक अपने हाथ में एक पॉलिथिन में भरा मांस वहां फेंककर भाग गया। गनीमत यह रही कि वह कांवड़ियों के हत्थे नहीं चढ़ा। मामले को लेकर कांवड़ियों ने जमकर हंगामा किया। युवक की तलाश में पुलिस ने दौड़ भी लगाई लेकिन वह हाथ नहीं लग सका। नगर में आज कांवड़ियों की भीड़ के बीच बड़ा बवाल बाल बाल बच गया। बताया गया है कि दिल्ली निवासी कांवड़िए सूरज व सागर अपने साथियों के साथ कांवड़ को शनिवार को जीटी रोड पर एक साइड में रखकर आराम कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान पास के मौहल्ला इस्लामनगर की गली से निकले एक युवक ने कांवड़ को उठाने का प्रयास किया। ऐसा करता देख एक कांवडिए ने उसको देख लिया और शोर मचा दिया। बताया गया है कि युवक के हाथ में एक काले रंग की पन्नी थी जिसमे मांस भरा हुआ था। युवक ने मांस पन्नी से निकाल कर कांवड़ के पास रखने की कोशिश की तो कांवड़िए उसकी ओर दौड़े। युवक गली के अंदर भाग गया। इस बीच कांवड़ियों ने वहां हंगामा करते हुए कांवड़ को खंडित होने का आरोप लगाते हुए जाम लगाने का प्रयास किया। सूचना पर तत्काल पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जिस युवक के हाथ में मीट से भरी पॉलिथिन थी उसको काफी देर तक इस्लामनगर में तलाश किया गया, लेकिन उसकी किस्मत अच्छी भी कि उसका पता नहीं चल पाया। कांवड़ियों के हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे कांवड़ियों को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वो जाम लगाने की कोशिश करते रहे। घंटो चले हंगामे के बाद पुलिस ने आरोपी पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया तो कांवड़िये मान गए। खंडित कांवड़ की जगह दूसरी कांवड़ की व्यवस्था कराई गई और उसे देकर कांवड़ियों को रवाना किया गया है।

नूर ज्वैलर्स डकैती में तीन महिलाओं समेत आठ गिरफ्तार, पांच फरार

▶ आरोपियों के पास से लूटा गया 855 ग्राम सोना और सवा चार किलो चांदी हुई बरामद
▶ एसएसपी अभिषेक सिंह ने पुलिस टीम को दिया 25 हजार रुपये का ईनाम

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। शहर के शाहबुद्दीनपुर रोड पर नूर ज्वैलर्स के परिवार को बंधक बनाकर लाखों की डकैती में पुलिस ने तीन महिलाओं समेत आठ बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है, इनमें से दो बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हुए है, जबकि पांच बदमाश अभी फरार बताए गए है। इनके पास से ज्वैलर्स से लूटा गया 855 ग्राम सोना और सवा चार किलो चांदी बरामद हुई है। बाकी डकैती का कुछ माल फरार बदमाशों पर बताया गया है। बरामद माल की कीमत लगभग 60 लाख रुपये है।

शहर कोतवाली के शाहाबुद्दीनपुर रोड निवासी फखरूल हसन के नूर ज्वैलर्स पर 15 जुलाई को पांच बदमाशों ने दिनदहाड़े डकैती की वारदात को अंजाम देकर लाखों रुपये का सोना, जेवरात और नगदी लूट ली थी। डकैत परिजनों को घर में ही बंधक बनाकर लाखों का माल लूटकर फरार हो गये थे। शुक्रवार रात पुलिस की डकैती की घटना में शामिल बदमाशों से मुठभेड़ हो गई थी। इनमें से दो बदमाश मुज्जक्किर उर्फ मोनू पुत्र नवाब निवासी चंधेड़ी रोड़ बुढ़ाना और विशु पुत्र

खुलासा

राकेश निवासी सफीपुर पट्टी निवासी बुढ़ाना गोली लगने से घायल हो गए थे। जबकि दो बदमाशों शाहरूख निवासी जानसठ और प्रिंस निवासी मांडी तितावी को गिरफ्तार कर लिया था। इनके पास से डकैती का माल भी बरामद हुआ था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत के साथ नूर ज्वैलर्स की डकैती का विधिवत खुलासा हुआ। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के बाद पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ के आधार पर शहर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में फुरकान निवासी बसी शाहपुर, मुनीजा पत्नी नवाब निवासी बुढ़ाना, इसरत पत्नी इमरान निवासी बुढ़ाना और रजिया पत्नी नईम खान रहमत खालापार को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने बताया कि अब तक पकड़ी गई तीन महिलाओं समेत आठ लोगों से डकैती में गया 855 ग्राम सोना, सवा किलो चांदी, चार तमंचे और घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद करने का दावा किया है। एसएसपी ने बताया कि अब तक डकैती की इस वारदात में 13 लोगों की संलिप्तता उजागर हुई है। जबकि पांच आरोपी हर्षित उर्फ माइकल निवासी मांडी तितावी, शाहरूख उर्फ पठान निवासी बुढ़ाना, सोनू उर्फ अफसर निवासी बुढ़ाना, मुदस्सिर और शहजादी पत्नी सोनू उर्फ अफसर निवासी बुढ़ाना अभी फरार है। इनकी गिरफ्तारी होने के बाद डकैती का बाकी माल बरामद किया जाएगा। एसएसपी ने घटना का अनावरण करने वाली एसओजी, सर्विलांस सैल, खालापार कोतवाली और शहर कोतवाली के 41 पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए 25 हजार रुपये का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

जेवरात के लालच में महिलाओं को मिली जेल

मुजफ्फरनगर। नूर ज्वैलर्स के यहां हुई डकैती की वारदात में चार महिलाओं की संलिप्तता उजागर हुई है, इनमें से तीन को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। रजिया तो असली गुनाहगार है, क्योंकि उसकी मुखबिरी पर ही डकैती की यह वारदात हुई, लेकिन मुनीजा और इशरत डकैती में हाथ लगे जेवरों को गलाने और बेचने के मामले में पकड़ में आई। चौथी आरोपी महिला शहजादी मास्टरमाइंड सोनू उर्फ अफसर की पत्नी और रजिया की बहन है। ये दम्पति अभी पुलिस की पकड़ से बाहर है। इनमें से एक आरोपी ने 2021 में नई मण्डी क्षेत्र में इसी तरह डकैती की वारदात को अंजाम दिया था।

फोटो बुलेटिन नगर में विभिन्न संगठनों द्वरा लगाये गये कांवड़ सेवा शिविरों का उदघाटन डॉ. एम.के. बंसल, बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ तथा राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया। -फोटो बुलेटिन

मुजफ्फरनगर में सेवाभाव देख गदगद् हो रहे भोले के भक्त

कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल और भारतीय प्रेस परिषद् के सदस्य अंकुर दुआ ने किया कई कांवड़ सेवा शिविरों का शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। सावन माह की कांवड़ यात्रा अब अपने यौवन की ओर मुखर हो रही है। शहर से लेकर गांव देहात तक कांवड़ मार्ग अब पूरी तरह से भगवा होता नजर आ रहा है। ऐसे में शिव भक्ति और राष्टभक्ति के नजारों के बीच कांवड़ियों के लिए सेवा भक्ति का भाव सभी को आकर्षित कर रहा है। इस यात्रा में मुजफ्फरनगर का सेवा भाव देखकर भोले के भक्त भी गद्गद् नजर आ रहे हैं और सेवादारों को साधुवाद देकर वो अपने गंतव्यों की ओर रुख कर रहे हैं। शनिवार को यूपी सरकार के काबीना मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल और भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य एवं मुजफ्फरनगर बुलेटिन के सम्पादक अंकुर दुआ ने विभिन्न संगठनों के द्वारा लगाये गये कांवड़ सेवा शिविरों का विधिवत शुभारंभ करते हुए अतिथि देवो भवः की सनातनी संस्कृति को मजबूती से पकड़ने के लिए युवाओं से आह्वान किया।

अखिल भारत हिंदू महासभा एवं अखिल भारतीय हिंदू एकता दल लक्ष्मी नगर के द्वारा 17वां कांवड़ सेवा निःशुल्क शिविर गंगा प्लाजा मार्केट मेरठ रोड निकट बुलेटिन वाली गली में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल, भारतीय प्रेस परिषद् के सदस्य अंकुर दुआ, व्यापारी नेता

कृष्ण गोपाल मित्तल, सुनील ग्रोवर संजय मिश्रा, हिंदू महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ. सतीश कुमार मौजूद रहे। यहां भंडारे के आयोजन में श्री राम ग्रुप इंडस्ट्रीज के विशू तायल, शशांक, हर्ष तायल श्री दुर्गा इंटरप्राइजेज हरियाणा के द्वारा भक्तों को भोजन प्रसादी व्यवस्था की गई। व्यापारी नेता शलभ गुप्ता, जनार्दन विश्कर्मा, राजेश हिंदू महासभा से तेजपाल, राजेश गोयल, अमन कुच्छल, अमित, रवि शर्मा, सुखबीर शर्मा, नरेंद्र वर्मा एडवोकेट, शिविर प्रभारी योगेश शर्मा एवं मार्किट के सभी व्यापारी बंधुओं ने भगवान शंकर की आरती करके भोले बाबा को भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया। सुरेंद्र मित्तल ने सभी का आभार जताया। शिव चौक के पास स्थित हनुमान मंदिर में शनिवार में अखिल भारतीय हिंदू शक्ति दल के 38वें कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल, भारतीय प्रेस परिषद् के सदस्य अंकुर दुआ ने फीता काटकर एवं ज्योत प्रज्वलित कर किया। हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक नरेन्द्र पंवार उर्फ साधू, वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. एमके बंसल, डॉ. रविंद्र पाल, चंद्रमा ब्रह्मचारी, संजय मिश्रा, सुभाष चौहान, कृष्ण गोपाल मित्तल, विकास पंवार, नवीन गर्ग, दीपक मित्तल, अमित सिंगल विशाल मित्तल का आयोजकों ने स्वागत किया। स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि अखिल भारतीय हिंदू शक्ति दल द्वारा निरंतर 38 वर्षो से हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर आने वाले शिव भक्तों के लिए निशुल्क भोजन चिकित्सा सुविधा एवं रहने की सुविधा का बंदोबस्त दल के राष्ट्रीय महासचिव अरुण प्रताप सिंह के नेतृत्व में किया जाता आ रहा हैं इसके लिए प्रत्येक हिंदू वीर कार्यकर्ता बधाई का पात्र है। सेवा शिविर में चिकित्सा सेवा का उद्घाटन वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एमके बंसल के द्वारा फीता काटकर किया गया। अखिल भारतीय हिंदू शक्ति दल के डॉ. संजीव शर्मा, रमेश, श्रवण मोगा, हेमंत ग्रोवर, पंकज त्यागी, सुनील सिंघल पंकज ठाकुर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डीएम-एसएसपी के साथ पुलिस मॉर्डन स्कूल ने मनाई 20वीं वर्षगांठ

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस मॉर्डन स्कूल की 20वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्कूली बच्चों व शिक्षकों को सम्मानित करने के साथ ही बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिये टिप्स देते हुए शिक्षकों द्वारा बच्चों को दी जा रही बेहतर शिक्षा के लिए आभार जताकर प्रोत्साहित किया गया। पुलिस विभाग में कार्यरत कर्मियों के बच्चों को अच्छी शिक्षा व बेहतर शैक्षिक माहौल देने के उद्देश्य से वर्ष 2004 में पुलिस मॉर्डन स्कूल की स्थापना की गयी थी। शनिवार को पुलिस मॉर्डन स्कूल की स्थापना की 20वीं वर्षगांठ मनायी गयी। यहां जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी व एसएसपी अभिषेक सिंह पुलिस मॉर्डन स्कूल में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और दीप प्रज्वलित के बाद भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा मननोहक प्रस्तुतियां दी गयी। शूटिंग रेंज में विद्यार्थियों के मध्य प्रतियोगता का भी आयोजन कराया गया। डीएम और एसएसपी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उत्साहवर्धन करते हुए स्टाफ को भी सम्मानित किया। एसएसपी अभिषेक ने कहा कि खूब मन लगाकर पढाई करें, किसी विषय में जानकारी न होने पर शिक्षक से पूछें तथा खेलकूद के लिए अवश्य समय निकालें। बच्चों द्वारा एसएसपी से कई सवाल पूछे गये। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सन्दीप भागिया, पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशान्त कुमार प्रसाद, प्रतिसार निरीक्षक ऊदल सिंह सहित पुलिस मॉर्डन स्कूल का स्टाफ तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	71200	चांदी-	83900
सिक्का-	96000	गिन्नी-	53170

आपका आज का राशिफल

रविवार, 28 जुलाई, 2024

मेष- साहसिक प्रयास, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, परोपकार की भावना जागृत, उत्साह में वृद्धि, जिम्मेदारियों हेतु व्यय, जीवन में सुख शांति, हर्ष भी।

वृषभ- निराशा की स्थिति, परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, वैवाहिक जीवन में मतभेद, सहयोगियों से विवाद की आशंका, नवीन समस्याएँ प्रभावी, यात्रा से हानि की सम्भावना।

मिथुन- आकस्मिक लाभ का सिलसिला, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, जीवन साथी का सहयोग, समस्याओं का समाधान।

कर्क- अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग, पारिवारिक परेशानियों में कमी, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, प्रेम सम्बन्धों में अनुकूलता, आपसी सौहार्द, उन्नति का सिलसिला।

सिंह- दिनचर्या व्यवस्थित, प्रियजनों मित्रों से अपेक्षित सहयोग, व्यक्तित्व का विकास, संत समागम, मेल मिलाप में रुचि, आपसी सम्बन्धों में कमी, धर्म-अध्यात्म में रुचि।

कन्या- लाभ में कमी का एहसास, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, स्वजनों से मतभेद, यात्रा में परेशानी, अकेलेपन की अनुभूति।

तुला- निराशा का समापन, इच्छानुकूल घटनाएं घटित, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, विपरीत परिस्थितियों पर विजय, व्यापार में धन निवेश, कार्यक्षमता में वृद्धि।

वृश्चिक- कुछेक समस्याएं सुलझने की ओर, स्वास्थ्य सुधार पर, प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण सफलता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, सुसंदेश की प्राप्ति, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

धनु- योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, परिवार में सुख-शांति का वातावरण, प्रतियोगिता में सफलता का सुयोग।

मकर- कार्यों में असफलता, व्यवसायिक हानि, शारीरिक सुख में बाधा, वैचारिक स्थिरता का अभाव, स्वजनों से तनाव, वाहन से भय, चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका।

कुम्भ- स्वास्थ्य सुधार पर, मनोनुकूल कार्य में अनुकूलता, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, चित्त प्रफुल्लित।

मीन- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, कार्यों के प्रति प्रगति की दिशा में प्रयास सार्थक, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, राजनीतिक क्रियाकलापों से प्रतिष्ठा में वृद्धि।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

विश्वास की कांवड़ उठा, आस्था के पथ पर आगे बढ़ रहा कावंड़ियों का सैलाब

छपार, 27 जुलाई (बु.)। श्रावण मास में धार्मिक नगरी हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर विश्वास की कांवड़ उठा आस्था के पथ पर चलकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहा शिवभक्त कावंड़ियों का सैलाब। महिलाएं भोली भी शिवालयों की और बढ़ रही है। मनमोहक सुन्दर झांकियों वाली कांवड़ आकर्षण का केन्द्र बनी है। जिन्हे देखने के लिए कांवड़ मार्ग पर श्रद्धालुओं का तांता लगा है। हर कोई कांवड़ मेले को अपने मोबाईल में संजोकर रख रहा है। पुरकाजी के भूराहेड़ी गांव से लेकर छपार क्षेत्र के रामपुर तिराहे पर कांवड़ मार्ग शिवमय, भगवामय हुआ है। हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयघोष के जयकारे गूंज रहे है। सुन्दर बड़ी डीजे युक्त कांवड़ आकर्षण का केन्द्र बनी है। हाईवे के किनारे महिलाएं, पुरूष, बच्चे अपने घरों से निकलकर हाईवे किनारे बैठकर मनमोहक कावंड का आंनद उठा रहे हैं। भगवान शिव की भक्ति में लीन हुए हर-हर महादेव, बम-बम भोले के नारे शिवभक्तों में ऊर्जा का संचार अपने शिवालय की ओर बढ़ने की शक्ति दे रहे हैं। भोले कावंड़ियों के साथ ही बड़ी संख्या में इस बार महिला कांवड़िया भी आस्था के पथ पर अपने शिवालयों की और बढ़ रही हैं। छपार हाईवे पर प्रतिदिन लाखों कावंड़ियों के गुजरने से जगह-जगह पुलिस भी कावंड़ियों की सुविधाओं को देखते हुए अपनी व्यवस्था में जुटी है। हाईवे पर कांवड मार्ग पर शिवभक्तों की सेवा को लेकर जगह-जगह धर्मप्रेमियों द्वारा चिकित्सा शिविर, भंडारे आदि लगाकर धर्म लाभ उठा रहे है।

गर्मी में भी जोश से चल रहे कांवड़िए

छपार। हाईवे पर बरला से लेकर रामपुर तिराहे तक कांवड़ियों के लिए जहां एक सड़क का छोर रिजर्व किया गया है। उस ओर वृक्षों का सड़क किनारे अभाव होने के चलते भरी दोपहर में गर्मी से बचने को कांवड़िए सड़क के दूसरे छोर की सड़क का सहारा ले रहे है। अब दोनों मार्गो पर कावड़ियों का कब्जा होने से पुलिस प्रशासन के लिए कावंड़ियों को सुरक्षित निकालना बड़ी जिम्मेदारी भरी चुनौती बन गया है।

डीसीएम की टक्कर से एक किशोर कांवड़िया घायल

पिता के साथ कांवड़ लेकर दिल्ली जा रहा था वंश

छपार, 27 जुलाई (बु.)। हाईवे पर सिसौना गांव के पास रात्रि में आराम कर रहे कावड़िए को डीसीएम ने टक्कर मार घायल कर दिया। पिता ने डीसीएम चालक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस द्वारा डीसीएम को कब्जे में लिया गया। दिल्ली के मोहल्ला नंदानगरी निवासी विक्रांत अपने 12 वर्षीय पुत्र वंश के साथ हरिद्वार से गंगा जल लेकर वापिस दिल्ली जा रहा था। शुक्रवार रात्रि में पिता-पुत्र छपार हाईवे पर सिसौना गांव में एक पेट्रोल पंप के पास आराम कर रहे थे तभी हरिद्वार की ओर से कांवड़ लेकर आ रहे डीसीएम ने वंश के पैरों पर वाहन चढ़ा दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच डीसीएम को कब्जे में लिया गया। घायल हुए वंश को जिला अस्पताल ले जाया गया। बताया गया कि घायल वंश को रेफर कराकर दिल्ली में इलाज हेतु ले जाया गया। वहीं घायल हुए कांवड़िए के पिता विक्रांत ने दुर्घटना के सम्बंध में आरोपी डीसीएम चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है।

मंत्रियों व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने संयुक्त रूप शिवचौक पर किया एलईडी का उद्घाटन

फोटो बुलेटिन शिव चौक पर एलईडी उद्घाटन कार्यक्रम के दृश्य

मुजफ्फरनगर। कांवड़ यात्रा में आने वाले शिवभक्तों और आकर्षक ांकियों के लाइव दर्शन कराने के लिए पत्रकार संदीप रंजन द्वारा लगाई गई बड़ी एलईडी स्क्रीन का उद्घाटन यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल और मुजफ्फरनगर बुलेटिन के सम्पादक एवं भारतीय प्रेस परिषद् के सदस्य अंकुर दुआ ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर इन अतिथियों ने कहा कि इस एलईडी के लगने से अब घर बैठे भी शिव भक्त कांवड़ यात्रा में आने वाली सुन्दर और आकर्षक कांवड़ों तथा ांकियों का लाइव प्रसारण देख पायेंगे। डायरेक्टर संदीप रंजन ने अतिथियों का आभार जताया। व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल, संजय मिश्रा, शलभ गुप्ता, विक्की चावला, मनीष चौधरी, रामनिवास पाल, संजीव संगम, अरविन्द चौहल, विजय चौधरी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

भैंसा बोगी पर टूटकर गिरा हाईटेंशन लाइन का तार, भैंसे की मौत, तीन घायल

भोपा, 27 जुलाई (बु.)। क्षेत्र में कम्हेड़ा-कवाल मलिकपुरा मार्ग पर जज्जर हुई हाईटेंशन लाइन में फॉल्ट होने से तार टूटकर वहां से गुजर रही भैंसा बोगी पर गिर गया, जिससे भैंसे की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी तथा बोगी पर सवार दम्पत्ति व एक किशोर झुलस कर घायल हो गये। घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है। मौके पर पहुँची पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने जानकारी की। वहीं किसान संगठन के नेता ने विद्युत विभाग के अधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई व पीड़ित किसान के लिये मुआवजे की माँग की है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव कम्हेड़ा निवासी किसान चंद्रपाल 42 वर्ष पत्नी सुमन 36 वर्ष व भतीजा अक्षय 11 वर्ष शनिवार की सुबह सवेरे भैंसा बोगी द्वारा पशुओं के लिए चेरी काटकर लाने के लिये खेत पर जा रहे थे। जैसे ही वह कम्हेड़ा-कवाल मार्ग से गुजर रहे थे, तभी अचानक जर्जर लाइन में हुए फॉल्ट से लाइन का तार टूटकर भैंसा बोगी पर गिर गया। तेज करंट की चपेट में आकर भैंसे की मौके पर तड़पकर मौत हो गयी। वहीं झुलसकर घायल हुए चन्द्रपाल, सुमन, अक्षय को आनन-फानन में ग्राम प्रधान शाहनवाज द्वारा जानसठ अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से मुजफ्फरनगर अस्पताल रैफर किया गया। मौके पर पहुँचे तहसीलदार जानसठ सतीश बघेल, ककरौली थाना प्रभारी निरीक्षक नोवेन्द्र सिंह व विद्युत विभाग के एसडीओ ने घटना की जानकारी की। किसान संगठन के नेता अखिलेश चौधरी ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर पीड़ित किसान को 5 लाख का मुआवजा राशि देने की मांग की है। उपखण्ड अधिकारी रविकुमार प्रजापति ने बताया कि घायलों को इलाज के लिये विभाग द्वारा राशि प्रदान की जायेगी। अगर कोई दिव्यांगता है, तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा डिसेबिलिटी प्रमाण पत्र के माध्यम से मदद की जायेगी। विभाग के तकनीकी अधिकारी द्वारा जाँच कर भैंसा के नुकसान का मुआवजे का प्रावधान है। आज की घटना की रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दी गयी है।

40 देशों की पुलिस, सड़कों पर 40,000 बैरियर, दफकोड से एंट्री, ऐसी है ओलंपिक की सुरक्षा

पेरिस, 27 जुलाई (एजेंसी)। खेलों के महाकुंभ यानी ओलंपिक का आगाज हो चुका है। फ्रांस की राजधानी पेरिस में 33वें ओलंपिक खेलों की शुरूआत हुई। शुक्रवार देर रात पेरिस से होकर बहने वाली सीन नदी के किनारे पेरिस ओलंपिक का शानदार आगाज हुआ। हालांकि, इस आयोजन से कुछ घंटे पहले फ्रांस के रेलवे नेटवर्क पर हमला हो गया।उद्घाटन से पहले हिंसा के बाद सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इससे पहले सुरक्षा जांच के दौरान 3,900 से ज्यादा लोगों को ओलंपिक आयोजनों में भाग लेने से रोका गया था। सीन नदी के करीब उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस तरह के आयोजन ओलंपिक की सुरक्षा को और अधिक कठिन बनाते हैं। 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों में कई सुरक्षा चुनौतियां हैं। शहर में बार-बार घातक हमले हुए हैं। यूक्रेन और गाजा में युद्ध के कारण होने वाले प्रदर्शन भी चिंता के विषय हैं। इसके अलावा, ओलंपिक आयोजकों को साइबर हमले की चिंता है। अकेले व्यक्तियों द्वारा किए जाने वाले हमले (लोन वुल्फ अटैक) भी बड़ी चिंता का विषय हैं।

कांवड़ कंट्रोल रूम बना शिव भक्तों का संकट मोचक

शिव चौक स्थित कंट्रोल रूम में आई अब तक 700 से अधिक शिकायत

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। नगरपालिका क्षेत्र में शिव चौक पर बने कांवड़ कंट्रोल रूम में देवभूमि हरिद्वार से मां गंगा का पवित्र गंगाजल लेकर पहुंचे शिवभक्तों की इस बीच करीब 700 शिकायतें आई है। जिनका ड्यूटी पर तैनात रहे अधिकारी-कर्मचारियों की टीम ने संबंधित विभाग द्वारा निस्तारण किया गया है। नगरीय क्षेत्र में कंट्रोल रूम में सबसे अधिक शिकायतें अब तक जलभराव, टूटी सड़क, खराब लाइटें, बेरिकेडिंग टूटने, सामान खोने के अलावा परिवार के बिछुड़ने व कांवड़ खंडित होने की रही हैं। सहायक कंट्रोल रूम प्रभारी ने उक्त शिकायतों का इस बीच संबंधित विभागों को सूचना देने के साथ निस्तारण कराया है।

उत्तर भारत के बड़े धार्मिक मेलों में शुमार श्रावण माह के कांवड़ यात्रा मेले को नगरीय क्षेत्र में निर्विघ्न संपन्न कराने की दिशा में शुरू पहल पर व्यवस्था को संभालने के लिए नगर पालिका परिषद ने शिवचौक गोल मार्किट पर कांवड़ कंट्रोल रूम बनाया है। इस कांवड़ कंट्रोल रूम को पालिका क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सीधे जोड़ने के साथ जहां निगरानी की जा रही हैं। वहीं हर स्थिति पर नजर बनाए जाने के लिए पालिका कर्मियों को 24 घंटे ड्यूटी पर लगाया गया है। सहायक कांवड़ कंट्रोल रूम प्रभारी तनवीर आलम ने बताया कि कंट्रोल रूम में करीब 700 शिकायतें आई है। इन सभी शिकायतों को संबंधित विभागों द्वारा निस्तारण कराया है। कांवड़ कंट्रोल रूम में सबसे अधिक शिकायतें कांवड़ मार्ग पर लाइटें खराब होने, जलभराव, सड़कों के गड्ढे आदि की आयी है। वहीं कांवड़ कंट्रोल रूम द्वारा बिछड़े शिवभक्तों को उनके परिजन और साथियों से मिलवाया। कांवड़ यात्रा पर विभिन्न स्थानों पर 16 से अधिक बैग मिले हैं। इन सभी बैगों की जांच कराने के बाद में बैग और सामान शहर कोतवाली पुलिस को सौंपा गया है।

कांवड़ खंडित हुई तो कंट्रोल रूम बना कांवड़ियों के लिए संकट मोचक

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। हरिद्वार से गंगाजल लेकर शनिवार को हरियाणा निवासी राम शरण कांवड़िया मुजफ्फरनगर की ओर आते हुए जब बझेड़ी के पास पहुंचा तो उसकी कांवड़ किसी वजह से खंडित हो गई। इस बात की जानकारी एक अन्य शिवभक्त द्वारा शिवचौक पर बने कांवड कंट्रोल रूम पर दी गई। इस जानकारी के मिलने पर पालिका लिपिक तनवीर आलम ने एसएसपी को घटना से अवगत कराया। तनवीर आलम ने बताया कि एसएसपी द्वारा रामशरण के लिए गंगाजल की व्यवस्था कराई गई। इसके बाद कांवड़िया राम शरण गंगाजल लेकर शिवचौक से गंतव्य की ओर बढ़ गया।

ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम देश व्यापी अभियान के अन्तर्गत वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के उपाध्यक्ष महेश कुमार, प्रबंधक विनोद संगल, सह प्रबंधक डॉ. अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार, डायरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी,जूनियर विंग हैडमिस्ट्रेस ममता चौहान, अचिन अग्रवाल आदि द्वारा भिन्न-भिन्न पौधे रोपित किए गए। इस वृक्षारोपण में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्य आजाद वीर ने पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पेड़ पौधों के बिना मनुष्य एवं जीव जंतुओं के जीवन का कोई अस्तित्व नहीं है। वायुमंडल को प्रदूषण रहित बनाने में पेड़ पौधों की भूमिका है, क्योंकि इन्हीं पेड़ों से शुद्ध हवा और ऑक्सीजन प्राप्त होती है। धरती की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और उसकी परवरिश पर भी ध्यान देना चाहिए। पेड़ पौधों से हमारा जीवन है इसलिए स्वस्थ और स्वच्छ पर्यावरण के बिना मानव समाज की सकल्पना अधूरी है, पृथ्वी पर सभी जीव जंतुओं का जीवन बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सब की है। आने वाली पीढ़ियों के लिए दूषित पर्यावरण से होने वाले दुष्प्रभाव को कम करने के लिए वृक्ष अवश्य लगायें।

पत्रकार गांव की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएं: संजीव बालियान

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने किया जिला सम्मेलन का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। कचहरी स्थित जिला पंचायत के चौधरी चरण सिंह सभागार में शनिवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर से आए पत्रकारों को कार्ड वितरित किये गये। सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण है। गांव की आवाज शासन, प्रशासन तक पत्रकारों के माध्यम से ही पहुंचती है, इसलिए पत्रकार गांव की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएं।सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकार सीमित संसाधनों में सराहनीय लेखन कार्य करते हैं। गांव-गांव से समाचार संकलन करते हैं। सम्मेलन में एडीएम वित्त व राजस्व गजेंद्र सिंह ने कहा कि पत्रकार सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें ताकि गांव-गांव तक लोगों को योजनाओं की जानकारी हो सके। सहारनपुर से आए मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने कहा कि पत्रकार निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। शिक्षाविद डॉ. संजीव वर्मा ने कहा कि पत्रकारों को निरंतर अध्ययन करते रहना चाहिए। सम्मेलन में जिले के विभिन्न विकास खंडों से आए पत्रकारों को कार्ड भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश शंकर विद्यार्थी व ग्रा.प.ए. के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सम्मेलन में जिलाध्यक्ष रोहिताश्व कुमार वर्मा, राजेश शर्मा, राहुल शर्मा, मौ. अहसान, संजय राठी, प्रेम सागर, अमित शर्मा, संजय गर्ग, प्रदीप मित्तल, शक्तिदेव त्यागी, अनिल चौधरी, बसन्त गौतम, धर्मोद चौधरी, दीपक सिंघल, दीपक त्यागी, जसवीर सिंह, मेजर अरविन्द कुमार, अनु सैनी, गय्यूर मलिक, खुशनसीब, राहुल प्रजापति, वेदपाल कपासिया, समून राईन आदि मौजूद रहे।

त्यागी सभा, जनपद मुजफ्फरनगर

त्यागी सभा भवन एवं पुस्कालय, फ्रैण्ड्स कॉलोनी, पोस्ट व तहसील जिला-मुजफ्फरनगर

प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष पद के निर्वाचन हेतु अधोलिखित विवरणानुसार कार्यक्रम निर्धारित किया जाता है :-

क्र.सं.	निर्वाचन कार्यक्रम	तिथि	निर्धारित समय
01-	अनंतिम मतदाता सूची का प्रदर्शन	01/08/2024	10:00 से 2:00 बजे तक
02-	अनंतिम मतदाता सूची पर आपत्ति दाखिल करना	02/08/2024	10:00 से 2:00 बजे तक
03-	आपत्तियों का निस्तारण	03/08/2024	10:00 से 3:00 बजे तक
04-	अन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन	04/08/2024	10:00 से 2:00 बजे तक
05-	नाम निर्देशन प्रपत्र दाखिल करना	05/08/2024	09:00 से 2:00 बजे तक
06-	नाम निर्देशन प्रपत्रों का परिनिरीक्षण	05/08/2024	02:00 से 4:00 बजे तक
07-	नाम निर्देशन प्रपत्र वापस लिया जाना	06/08/2024	10:00 से 12:00 बजे तक
08-	अंतिम नाम निर्देशन का प्रदर्शन	06/08/2024	सायं 3:00 बजे
09-	मतदान (यदि आवश्यक हो तो)	11/08/2024	09:00 से 3:00 बजे तक
10-	मतगणना चुनाव उपरान्त	11/08/2024	मतगणना के परिणाम घोषित होने तक ।

सुरेन्द्र कुमार त्यागी
चुनाव अधिकारी
(मुख्य/सहायक)
त्यागी सभा भवन,
मुजफ्फरनगर

सुभाष त्यागी
चुनाव अधिकारी
(मुख्य/सहायक)
त्यागी सभा भवन,
मुजफ्फरनगर

विवेक त्यागी एडवोकेट
चुनाव अधिकारी
(मुख्य/सहायक)
त्यागी सभा भवन,
मुजफ्फरनगर

मेरठ रोड के डिवाइडर पर खुले बिजली के तार दे रहे हादसे को न्यौता

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। तमाम व्यवस्थाओं के बीच मेरठ रोड पर कंपनी बाग स्थित मधुबन रेस्टोरेंट के आगे डिवाइडर पर बिजली के खंभों पर नीचे की ओर खुले बिजली के तार हादसे की आशंका पैदा कर रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता बीबी गर्ग ने बताया कि मधुबन रेस्टोरेंट के सामने डिवाइडर पर नीचे की ओर बिजली के खंभे के तार खुले हुए हैं। कांवड़िए विश्राम करने के लिए डिवाडर पर बैठते हैं। करंट लीक होने से हादसे का खतरा बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि समस्या का उपचार कराया जाए।

बेदखली-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री महविश मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं है, इसलिए मैंने अपनी पुत्री महविश को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और मैंने व मेरे परिवार के लोगों ने महविश से अपने सभी सम्बंध समाप्त कर लिये हैं। यदि मेरी पुत्री कोई गलत कार्य या किसी प्रकार का कोई लेन-देन करती है तो उसकी वह स्वयं जिम्मेदारी होगी, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

मौ. इमरान पुत्र मौ. लईक
मकान नं. 384, खालापार,
थाना-कोतवाली नगर,
हा

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

नीति आयोग की बैठक में ममता

नीति आयोग की बैठक से कांग्रेस और विपक्ष ऐसे किनारा कर रहे हैं, जैसे अखिलेश ने कहा था कि ये भाजपा की वैक्सीन है, हम नहीं लगवाएंगे। ममता बनर्जी गठबंधन से अलग रास्ते पर चलते हुए बैठक में पहुंची थोड़ी देर बोली फिर बैठक का बहिष्कार करके बाहर आ गयीं और बाहर आकर आरोप लगाया कि मेरा माइक बन्द कर दिया गया, यह बंगाल का अपमान है। सरकार का कहना है कि आरोप झूठा है। सवाल यह है कि विपक्ष आखिर कब तक झूठ की राजनीति करता रहेगा? ममता बनर्जी ने बैठक से बाहर आने के बाद मीडिया से कहा, मैं बैठक का बहिष्कार करके बाहर आई हूं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमन्त्री चंद्रबाबू नायडू को बोलने के लिए 20 मिनट दिए गए। असम, गोवा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों ने 10 से 12 मिनट तक अपनी बात रखी। मुझे पांच मिनट बाद ही बोलने से रोक दिया गया। यह अनुचित है। ममता ने कहा, विपक्ष की तरफ से मैं यहां अकेली नेता हूँ। मैंने बैठक में इसलिए हिस्सा लिया, क्योंकि सहकारी संघवाद को मजबूत किया जाना चाहिए। ममता बनर्जी ने केंद्रीय बजट की निंदा करते हुए कहा, यह राजनीतिक एवं पक्षपातपूर्ण बजट है। मैंने कहा कि आप अन्य राज्यों के साथ भेदभाव क्यों कर रहे हैं? नीति आयोग के पास कोई वित्तीय शक्तियां नहीं हैं, तो यह कैसे काम करेगा? इसे वित्तीय शक्तियां दें या योजना आयोग को वापस लाएं। वास्तव में ममता बनर्जी का आरोप झूठा पाया गया। सरकार की फैक्ट चैकिंग विंग पीईबी फैक्ट चेक ने इसे भ्रामक बताया है। पीईबी फैक्ट चेक ने लिखा, ऐसा दावा किया जा रहा हैं कि नीति आयोग की नौवीं गर्वनिंग काउंसिल की बैठक में पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का माइक स्विच ऑफ कर दिया गया। ये दावा भ्रामक है। घड़ी ने केवल ये दिखाया की उनके बोलने के लिए दिया गया निर्धारित वक्त खत्म हो गया है। हालांकि, इसका संकेत देने के लिए घंटी भी नहीं बजी थी। अल्फाबेटिकली, सीएम पश्चिम बंगाल की बारी लंच के बाद आनी थी, पश्चिम बंगाल सरकार के आधिकारिक अनुरोध पर उन्हें 7 वें स्पीकर के रूप में शामिल किया गया, क्योंकि उन्हें जल्दी लौटना था। नीति आयोग की बैठक में हिस्सा लेने को लेकर ममता बनर्जी ने तीन बार फैसला बदला। सबसे पहले ममता बनर्जी ने मीटिंग में शामिल होने का फैसला किया था, फिर दिल्ली रवाना होने से पहले मन बदला और कार्यक्रम रद्द कर दिया, और आखिर में निर्णय लिया कि मीटिंग में शामिल होना है। सियासत पर नजर रखने वालों का कहना है कि ममता खुद को गठबंधन की लाइन से अलग और सरकार के विरोध में जोरदार तरीके से खड़ा हुआ दिखाना चाहती थी। उन्होंने कोशिश भी कि लेकिन आरोप झूटा निकला उनके विरोध की हवा निकल गयी और बजट का विरोध तो उन्हें करना ही है। नीति आयोग की बैठक से दूरी बनाने वालों में तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमन्त्री शामिल हैं। बंगाल के कुछ लेखकों ने बहिष्कार के बारे में पहले ही लिख दिया था कि ममता बनर्जी दिल्ली जाएंगी कुछ देर बोलेंगी फिर बहिष्कार करके बाहर आ जाएंगी और मीडिया को सामग्री देंगी। यह सब चला, लेकिन झूटा निकला। ममता बनर्जी ने कोलकाता में कहा था कि वो कुछ देर वहां बैठेंगी, लेकिन अगर बोलने की अनुमति मिली, तो वो अपनी बात रखेंगी। इसी पर लिखा गया कि ममता बनर्जी तो वही करेंगी, जो ऐसी परिस्थितियों में हमेशा करती आई हैं बहिष्कार और वही कल उन्होंने किया और माइक बन्द किए जाने का आरोप लगाया लेकिन वो झूटा निकला। सियासी गलियारों में सवाल उठ रहा है कि क्या ममता बनर्जी इंडिया ब्लॉक को सिर्फ फायदे के लिए इस्तेमाल कर रही हैं? लोकसभा चुनाव के दौरान ममता बनर्जी ने कहा था कि अगर इंडिया ब्लॉक की सरकार बनी तो वो बाहर से सपोर्ट करेंगी, लेकिन फौरन ही नया बयान दिया कि वो विपक्षी गठबंधन ही का हिस्सा हैं, यानी अगर सरकार बनी, तो शामिल हो सकती हैं। वो बात तो हुई नहीं, लेकिन इंडिया ब्लॉक को लेकर ममता बनर्जी का नजरिया तो सामने आ ही गया था। ममता बनर्जी के आरोपों पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, सीएम ममता बनर्जी नीति आयोग की बैठक में शामिल हुईं। हम सभी ने उनकी बात सुनी। हर सीएम को आवंटित समय दिया गया था और यह हर टेबल के सामने मौजूद स्क्रीन पर दिखाया गया था। इसके बावजूद उन्होंने मीडिया में कहा कि उनका माइक बंद कर दिया गया था। यह पूरी तरह से झूठ है। निर्मला सीतारमण ने आगे कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया है कि उनका माइक बंद कर दिया गया था, जो सच नहीं है। उन्हें झूठ पर आधारित कहानी गढ़ने के बजाय इसके पीछे का सच बोलना चाहिए। 2014 में केंद्र में बीजेपी की सरकार बनने के बाद योजना आयोग को खत्म कर दिया गया था और उसकी जगह 2015 में नीति आयोग का गठन किया गया। इस सबसे अलग नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना हर भारतीय की महत्वाकांक्षा है और राज्य इस लक्ष्य को हासिल करने में प्रमुख भूमिका निबाह सकते हैं क्योंकि वे लोगों से सीधे जुड़े हुए हैं। आयोग ने मोदी के हवाले से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना हर भारतीय की महत्वाकांक्षा है। राज्य इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि वे लोगों से सीधे जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह दशक तकनीकी और भू-राजनीतिक बदलावों के साथ-साथ अवसरों का भी है। प्रधानमन्त्री ने कहा कि भारत को इन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए और अपनी नीतियों को अंतरराष्ट्रीय निवेश के लिए अनुकूल बनाना चाहिए। यह भारत को एक विकसित देश बनाने की दिशा में प्रगति का रास्ता है। बैठक 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने पर केंद्रित है। इस बैठक का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच सहभागी संचालन तथा सहयोग को बढ़ावा देना, डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को मजबूत कर-के ग्रामीण और शहरी दोनों आबादी के लिए जीवन की क्वालिटी को बढ़ाना है। नीति आयोग की शीर्ष संस्था शासी परिषद में सभी राज्यों के मुख्यमन्त्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उप राज्यपाल और कई केंद्रीय मन्त्री शामिल हैं। प्रधानमन्त्री मोदी नीति आयोग के चेयरमैन हैं।

चार तीर

सुनील उत्सव

"चाल" "सोच" "शैतान" "पहचान"

सभी की चाल अपनी है, सभी की सोच अपनी है,
यही वो बात है प्यारे, जिसे तुमको समझना है।
यहां सजधज के मेकप में, बड़े शैतान बैठे हैं,
तुम्हें पहचान करनी है,तुम्हें बचकर निकलना है।

पंकज जैन गांधी टेंट हाउस ने पौधरोपण कर मनाया जन्म दिन

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। प्रमुख समाजसेवी एवं व्यापारी नेता पंकज जैन गांधी टेंट हाउस ने अपना जन्मदिन आज पौध रोपण करके मनाया। पंकज जैन ने आज अपने जन्म दिन पर अपने पोते अद्विक जैन के साथ नंद गांव में अपनी माता जी व पिता जी की याद में पौध रोपण किया।

इस मौके पर सौ से अधिक पौधे विभिन्न स्थानों पर लगाए गए और समाज को हरियाली व पर्यावरण संरक्षण संदेश दिया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने आज पंकज जैन को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं।

सांसद हरेन्द्र मलिक के पिता की 13वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। प्रेमपुरी स्थित आवास पर सपा सांसद हरेन्द्र मलिक के पिता स्वर्गीय जगजीत सिंह मलिक की 13वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सपा के साथ ही अन्य दलों के नेताओं और गणमान्य लोगों ने सांसद के आवास पर पहुंचकर जगजीत मलिक के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए अपनी भावनाओं को प्रकट किया। सवेरे सांसद हरेन्द्र मलिक ने अपने विधायक पुत्र पंकज मलिक, छोटे बेटे निशांत मलिक व अन्य परिजनों के साथ हवन कर पिता जगजीत सिंह मलिक को याद किया। इस दौरान पहुंचे सपा के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा, जिलाध्यक्ष जिया चौधरी, पूर्व अध्यक्ष इलम सिंह गुर्जर, सेकुलर फ्रंट के संयोजक गौहर सिद्दीकी, असद जमां एडवोकेट, दिलशाद पहलवान, गोल्डी अहलावत, सोमपाल भाटी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

व्यापारी नेताओं ने की कैबिनेट मंत्री उप्र अनिल कुमार से मुलाकात

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बुस.)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि के प्रदेश उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी कृष्ण गोपाल मित्तल, प्रदेश मंत्री सरदार बलविंदर सिंह, नगर अध्यक्ष राकेश त्यागी द्वारा कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अनिल कुमार से शिष्टाचार भेंट करते हुए राजनीतिक विषयों पर चर्चा की गई। कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार द्वारा व्यापारी नेताओं को आश्वस्त करते हुए कहां की व्यापारियों कि किसी भी समस्या के समाधान हेतु हमेशा तत्पर रहूंगा। इस दौरान वरिष्ठ नेता राम निवास पाल भी उपस्थित रहे।

पलक शर्मा ने परीक्षा उत्तीर्ण करके बनाई स्टेट पैनल में जगह

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा प्रदेशीय महिला अंपायरिंग कार्यशाला के उपरांत संचालित परीक्षा के परिणाम में घोषित किए। मुजफ्फरनगर की पलक शर्मा ने यह परीक्षा उत्तीर्ण करके स्टेट पैनल में जगह बना ली है। मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक मनोज पुंडीर ने बताया कि जून माह में हुई परीक्षा में 32 महिला अंपायर ने भाग लिया था जिसने लिखित, प्रैक्टिकल, मौखिक परीक्षा में 80 से ज्यादा प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली उत्तर प्रदेश की 7 महिला अंपायर उत्तीर्ण घोषित की गई। यह परीक्षा अंतरराष्ट्रीय अंपायर अनिल चौधरी ने ली। पलक शर्मा अभी तक जिला मुजफ्फरनगर से स्टेट पैनल में आने वाली 5वीं अंपायर है उससे पहले मनोज पुंडीर, स्वर्गीय विकास शर्मा, अदिल रजा जैदी और रवि कौशिक स्टेट पैनल में शामिल हैं और प्रदेश के शीर्ष अंपायरों में आते है। मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, चेयरमैन भीम कंसल, कुशल पाल सिंह, इंदर माथुर, योगेंद्र सिंह, संजय शर्मा निदेशक, ओमदेव सिंह, रोहित चौधरी, विकास राठी, शिरीष वर्मा आदि ने पलक की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

हिंदुत्व की विराटता और समरसता का दे रही संदेश कांवड़ यात्रा

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। जात पांत पूछे नहीं कोई,हरि को भजे सो हरि का होई। हरिद्वार और नीलकंठ महादेव समेत तमाम तीर्थ स्थलों की यात्रा करते हुए गंगा जल लेकर सैंकड़ों किलो मीटर की कांवड़ यात्रा के बीच तमाम राजमार्गों और अन्य जिला मार्गों व कांवड़ पटरी मार्ग पर फैले शिवभक्तों में हिंदुत्व की विराटता का वह स्वरूप भी नजर आ रहा है, जिसे राजनीति बाज तोड़ने के समस्त कुचक्र करते हैं। इस महायात्रा में शामिल लोगों में तमाम जाति वर्ग के लोग शामिल हैं। इनमें पुरुष हैं तो भोले हैं और महिला हैं तो भोली हैं। कोई किसी की जाति वर्ग पूछने वाला नहीं हैं। सब शिव के भक्त हैं और उनकी पहचान बस हर-हर बम-बम के घोष में एकाकार होती नजर आ रही है। सत्य सनातन धर्म की विराटता को जो स्वरूप कुंभ मेलों में नजर आता है, वैसा ही स्वरूप कांवड़ यात्रा में नजर आ रहा है। हरिद्वार से लेकर दिल्ली और हरियाणा के अलावा दूसरे राज्यों व यूपी के विभिन्न स्थानों पर उमड़ी रंग बिरंगी कांवड़ों में सजी शिव भक्ति की महायात्रा में तमाम जाति और आय वर्ग के लोग हैं। उनमें ना कोई ऊंच है ना नीच है। ना कोई अगड़ा है ना पिछड़ा है। यही वह नारे हैं जिनके नाम पर सनातन धर्म को तोड़ने का कुचक्र राजनीतिक हित साधने वाले लोग करते हैं। लेकिन शिवभक्तों के मेले में यह सभी नारे तिरोहित होकर एकाकार हो गए हैं। विभिन्न वेशभूषाओं में यह शिवभक्त आस्था और भक्ति के आवरण में इस तरह गुंथे नजर आते हैं कि उनके बीच किसी प्रकार का भेदभाव खोजना मुश्किल काम है। ऐसे में यह कांवड़ यात्रा हिंदुत्व की विराटता का संपूर्ण चित्र प्रस्तुत करते हुए आगे बढ़ रही है। इनमें आर्थिक रूप से संपन्न वर्ग के लोग हैं तो समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े समाज के लोग भी शामिल हैं। उनका आय वर्ग कुछ भी हो लेकर उनकी शिवभक्ति का वर्ग एक ही है। इस यात्रा में जो आस्था की कांवड़ उठाकर चल रहा है, वह शिवभक्त है और यही उसकी पहचान है।

युवाओं के साथ बुजुर्ग भी आस्था की डोर में बंधे बढ़ रहे आगे

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। शिवभक्तों की कतार में यूं तो हर आयु वर्ग के लोग हैं, लेकिन युवाओं का जोश इसमें अधिक नजर आ रहा है। बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और किन्नर भी विभिन्न प्रकार की मुरादें लेकर इस महा यात्रा में शामिल हैं। राज मार्ग पर शिवभक्तों के मेले में हर आयु वर्ग के शिवभक्त नजर आ रहे हैं। ऐसे में निश्चय ही युवाओं का जोश सबसे अधिक है, लेकिन इन शिवभक्तों में आयु के बंधनों को तोड़ते हुए जहां बड़ी संख्या में बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल हैं, वहीं महिलाओं में भी भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए कम उत्साह नहीं है। सैंकड़ों किलोमीटर की यात्रा कर रही महिलाओं में अधिकांश अपने परिजनों और महिला साथियों के संग इस यात्रा का हिस्सा बनी हैं। इसके अलावा अनेक ऐसे दंपति भी उनके छोटे बच्चों को लेकर इस यात्रा में निकल पड़े हैं। इनमें कुछ शिवभक्त तो बेबी ट्रालियों में बच्चों को लिटाकर ले जा रहे हैं। भारी भीड़ के बीच बच्चों को साथ लेकर चलना किसी तपस्या से कम नहीं है। ऐसे में उनकी देखभाल करते हुए अपनी यात्रा को कुशलता से आगे बढ़ाना उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं है।

एंटी करप्शन कमेटी ने कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बुस.)। कारगिल विजय दिवस पर एंटी करप्शन कमेटी ने शहीदों को देश श्रद्धांजलि मुजफ्फरनगर ऑल इंडिया एंटी करप्शन कमेटी द्वारा गत दिवस गांधी कॉलोनी स्थित पंजाबी बारातघर के वीर हकीकत राय कक्षा में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कारगिल विजय दिवस की सिल्वर जुबली को पूर्व सैनिकों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांधी कॉलोनी बारातघर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार अरोड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ सिल्वर जुबली के अवसर पर जहां कारगिल युद्ध में शहीद हुए शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई, वहीं इसे विजय दिवस के रूप में भी मनाया गया। इस अवसर पर कमेटी ने अनेक पूर्व सैनिकों को शाल ओढ़ाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें हीरालाल कौशिक, वेद प्रकाश, वारंट ऑफिसर ठाकुर उदय नारायण सिंह, हरिओम शर्मा, सूबेदार हरिओम आदि के नाम उल्लेखनीय है और और सभा में बोलते हुए ऑल इंडिया एंटी करप्शन कमेटी के सहायक राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार रहेजा ने कहा कि इस वक्त भारत में 145 करोड़ की जनसंख्या के बावजूद 14 लाख की फौज है, जोकि कुल आबादी का एक प्रतिशत से भी काम है, लेकिन फिर भी हमारे वीर जवान देश की रक्षा के लिए पूरी तरह कटिबद्ध हैं और देशवासियों को चाहिए कि अपने इन सैनिकों के लिए वे जो भी कुछ कर सकते हो करें। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विश्वदीप गोयल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में पंडित मनसुख शर्मा, राकेश ढींगरा, रघुनाथ कमल गोयल, मनोज गुप्ता, उमेश वर्मा, रविंद्र जी, हिमांशु कौशिक, अमित पटपटिया सभासद सहित अनेक सब्रेंट नागरिक भी मौजूद रहे।

कांवड़ यात्रा मेले का डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। वेस्ट यूपी के सबसे बड़े धार्मिक कांवड़ यात्रा मेले को जिले में दुर्घटना मुक्त व सकुशल संपन्न कराने की कवायदों के बीच डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी व एसएसपी अभिषेक सिंह ने जिला पुलिस-प्रशासन की टीम के साथ मुजफ्फरनगर कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ मार्ग पर मुस्तैदी से साथ जिम्मेदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करने के कड़े निर्देश दिए। शनिवार को कांवड़ यात्रा मेले की व्यवस्थाओं को पुख्ता बनाने के साथ कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों को कोई असुविधा न हो पाए, इसके लिए सजग रहने की जरुरत पर बल दिया। डीएम व एसएसपी ने इस बीच नगर के शिवचौक से नावल्टी चौराहा होते हुए जिला अस्पताल चौराहा होते हुए बागोवाली बाईपास तक निरीक्षण करते हुए कांवड़ियों के लिए की गई व्यवस्था को परखा। भ्रमण के दौरान अधिकारियों द्वारा कांवड़ मार्ग में व्यवस्थाओं जैसे बैरिकेडिंग, विद्युत व्यवस्था के साथ ही कांवड़ मार्ग पर साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं को परखने के साथ अधीनस्थों को आवश्यक रूप से निर्देशित किया गया। दोनों अधिकारियों ने कांवड़ मार्ग पर तैनात समस्त कर्मचारियों व अधिकारियों की उपस्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें ड्यूटी के दौरान पूर्ण रूप से अलर्ट रहने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों ने इस पावन पर्व पर सभी शिवभक्तों से आपसी सामंजस्य के साथ शांति व्यवस्था कायम रखने का आह्वान किया। इस दौरान मुख्य रूप से सीडीओ संदीप भागिया, एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत, एसपी यातायात कुलदीप सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर व्योम बिन्दल, क्षेत्राधिकारी भोपा रवि शंकर सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

कांवड़ ड्यूटी पर अनुपस्थित मिलने पर मांगा स्पष्टीकरण

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। जनपद में कांवड़ यात्रा मेले को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के संकल्पों के बीच कांवड़ ड्यूटी पर अनुपस्थित मिलने पर डीएम की सख्ती दिखाई दे रही है। व्यवस्था में जिम्मेदारी न समझ पाने वाले ऐसे अधिकारियों को चिन्हित करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए डीएम ने स्पष्टीकरण मांगा है। शनिवार को डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी ने कांवड़ ड्यूटी कार्य में शिथिलता एवं लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए इस बीच में अनुपस्थित व फोन बन्द मिलने पर संतोष सिंह सहायक आयुक्त राज्य कर खंड 4 मुजफ्फरनगर पर कड़ी कार्यवाही करते हुए स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये है। उन्होंने संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर लिखित स्पष्टीकरण 2 दिन के अन्दर स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विलम्ब एवं संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त न होने की स्थिति में विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की जायेगी।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन को आवश्यकता है
खतौली
जानसठ
बुढ़ाना
बघरा
तितावी
रतनपुरी
आदि क्षेत्रों में बुलेटिन समाचार पत्र वितरित करने व पत्रकारिता में सक्रिय पत्रकारों की, जिन्हें समाचार लिखने का भी ज्ञान हो।
घर बैठे-बैठे पत्रकारिता करने वाले सम्पर्क ना करें।
सम्पर्क करें:- 9368549219

एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीना को मिला लखनऊ में सम्मान

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद और विभिन्न विकास प्राधिकरणों को वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में उप्र आवास एवं विकास परिषद और विभिन्न विकास प्राधिकरणों को उनकी उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की ओर से उपाध्यक्ष कविता मीना ने समारोह में पहुंच यह सम्मान प्राप्त किया। इस वित्तीय वर्ष में पहली बार उप्र आवास एवं विकास परिषद और विकास प्राधिकरणों की वार्षिक आय ने 10,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कुल आय 12,738 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.75 गुना अधिक है। वहीं फ्लैट और संपत्तियों के निस्तारण से कुल 6,140 करोड़ रुपये की आय हुई है, जिसमें करीब 4000 फ्लैट व संपत्तियों का निस्तारण शामिल है। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 1.5 गुना अधिक है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रशासनिक व्यय में लगभग 5.50 प्रतिशत की कटौती की गई, जिससे यह केवल 8.46 प्रतिशत रह गया। निर्माण और विकास कार्यों पर 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का व्यय किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 400 करोड़ रुपये अधिक है। आय में वृद्धि में उप्र आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ के अलावा मेरठ, मुरादाबाद, आगरा, अलीगढ़, बरेली, वाराणसी, बुलन्दशहर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, फिरोजाबाद, हापुड़-पिलखुआ, बांदा, झांसी, अयोध्या, रामपुर, आजमगढ़, उरई, खुर्जा, बागपत बड़ौत-खेकड़ा विकास प्राधिकरण तथा चित्रकूट, शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण को सम्मानित किया गया। निर्माण और विकास कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु उप्र आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ, वाराणसी, खुर्जा, बुलन्दशहर, झांसी, सहारनपुर, उरई, रामपुर विकास प्राधिकरण को भी सम्मानित किया गया।

वाराणसी में आलीशान होटल को किया तहस-नहस

वाराणसी, 27 जुलाई (नेट)। वाराणसी वीडीए प्रशासन ने महायोजना 2031 के खिलाफ और वरुणा के ग्रीन बेल्ट में बने अवैध होटल बनारस कोठी और रिवर पैलेस को खाली करने और बुकिंग न करने का अंतिम नोटिस बुधवार को थमाया था। साथ ही होटल पर नोटिस चस्पा भी किया गया था। इससे पहले वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने आम जनता से अपील की थी कि इन होटलों में न बुकिंग कराएं और न ठहरें। इस होटल का ध्वस्तीकरण आदेश पारित है। शनिवार को वीडीए अधिकारियों की टीम पुलिस प्रशासन के साथ पहुंची और होटल में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हो गई। मौके पर अफरातफरी का माहौल रहा। होटल पर हथौड़ा चलते देख होटल के मालिक फारूख खां को हार्ट अटैक आ गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। वहीं, मौके पर मौजूद होटलकर्मियों में रोअन-पीटन मच गया। सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस से उन्हें निजी हॉस्पिटल भेजा गया। वीडीए उपाध्यक्ष के अनुसार, सिकरौल वार्ड के बुद्ध बिहार कालोनी में मोहम्मद जाफर अली खां ने बनारस कोठी और होटल रिवर पैलेस का निर्माण कराया था। ये दोनों निर्माण वीडीए से बगैर नक्शा पास कराए किया गया है। इन दोनों का व्यावसायिक मानचित्र वीडीए से स्वीकृत नहीं है। इनके खिलाफ ध्वस्तीकरण का आदेश पारित था। इस आदेश के विरूद्ध अपील अदालत में की गई थी। अदालत और शासन से भी निर्माणकर्ता को कोई राहत नहीं मिली। संचालक की ओर से होटल में ठहरे पर्यटकों को उकसाकर उन्हें आगे करके प्रवर्तन की कार्रवाई का विरोध किया जा रहा था। वीडीए की ओर से 2018 और 2024 में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। यह निर्माण वाराणसी महायोजना-2031 के नियत भू-प्रयोग के खिलाफ किया गया है। वरूणा नदी के ग्रीन बेल्ट से प्रभावित होने के कारण यह शमनीय नहीं है। अनाधिकृत रूप से निर्मित दोनों होटलों के बिजली व पानी कनेक्शन संबंधित विभाग ने काट दिए हैं। वर्तमान में होटल का संचालन आगंतुकों सहित जनमानस के सुरक्षा संरक्षा के लिए अनुकूल नहीं है। इन होटलों में कोई बुकिंग न करने एवं अविलम्ब खाली करने का अंतिम नोटिस भी होटल संचालक व भवन स्वामी को दिया गया था।

डोनाल्ड ट्रंप को कड़ी टक्कर दे रहीं कमला हैरिस

वॉशिंगटन, 27 जुलाई (एजेंसी)। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से कड़ा मुकाबला है। न्यूयॉर्क टाइम्स और सिएना कॉलेज के एक ताजा सर्वेक्षण में हैरिस को ट्रंप का पीछा करते दिखाया गया है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने हाल ही में डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं के दबाव में व्हाइट हाउस की दौड़ से पीछे हटने का फैसला किया था और हैरिस को राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में समर्थन देने का फैसला किया। हैरिस की उम्मीदवारी ने डेमोक्रेटिक पार्टी को एक बार फिर से एकजुट किया है, जो पहले अंदर से काफी बंट गई थी। न्यूयॉर्क टाइम्स के सर्वेक्षण के मुताबिक, डेमोक्रेटिक पार्टी के महज 14 फीसदी लोगों ने कहा कि वे दूसरा विकल्प (बाइडन और हैरिस के इतर) चाहते हैं। जबकि पार्टी के 70 फीसदी मतदाता हैरिस का समर्थन कर रहे हैं। मतदाताओं ने कहा कि वे चाहते हैं कि पार्टी हैरिस के पीछे मजबूती से खड़ी हो। पिछले हफ्ते बाइडन के दूसरे कार्यकाल की दौड़ से पीछे हटने के कुछ घंटों बाद हैरिस ने राष्ट्रपति पद के लिए अपना चुनाव प्रचार अभियान शुरू किया था। हालांकि, डेमोक्रेटिक पार्टी ने हैरिस को अभी तक आधिकारिक तौर पर हैरिस को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया है।

सूचना
डाक्टर्स (M.D.,M.S., D.M.,M.ch) के लिए चैम्बर्स उपलब्ध है
महावीर चौक के पास , मुजफ्फरनगर
संपर्क करें- 8859405366
8126711725

कच्ची सड़क स्थित मां भगवती मंदिर में चल रहे कांवड़ शिविर में भोलों की सेवा करते आयोजको व सेवादारों का हौंसला बढ़ाते मंत्री कपिल देव अग्रवाल। -फोटो बुलेटिन

विद्यालयों में अवकाश के बाद भी विद्यालय खोले जाने पर रोष, सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। कांवड़ यात्रा के चलते जिले के विद्यालयों का बंद करने आदेश के बाद भी विद्यालय खुलने को लेकर शिक्षकों ने रोष प्रकट करते हुए प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने शनिवार को डीएम कार्यालय पर इस आदेश के विरोध में शिक्षकों ने डीएम के नाम ज्ञापन सौंपते हुए आदेश को वापस लेने की मांग की। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार जैन, मंत्री अरुण कुमार व संजय गोधा आदि शिक्षकों ने डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कांवड़ अवकाश के बाद भी माध्यमिक विद्यालय खुले हैं। उन्होंने कहा कि डीआइओएस ने 26 जुलाई से दो अगस्त तक सभी विद्यालय बंद करने के आदेश दिए थे। इसके बावजूद भी प्रबंधकों ने अधिकारियों के आदेश को ताक पर रख विद्यालय खुलवा दिए। वहीं स्टाफ और शिक्षक विद्यालय जाने का मजबूर है। सड़कों पर कांवड़ियों की अधिक भीड़ के कारण रास्ते बंद हैं। स्थिति भी नाजुक है। विषम परिस्थितियों में विद्यालय पहुंचने में परेशानी हो रही है। इस दौरान कलेक्ट्रेट में दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे।

मेरठ रोड केशवपुरी के बाहर लगाए गए विशाल कांवर सेवा शिविर में प्रवीण अरोरा एडवोकेट, अनिल नामदेव, पूर्व सभासद नरेश मित्तल, संजीव कुमार (पप्पू) तथा राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल कांवड़ियों को प्रसाद वितरित करते हुए। -फोटो बुलेटिन

ईश्वर की भ

लाल बनियानधारी युवक स्कूटी लेकर हुआ फुर्र

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। शहर के रुड़की रोड से लाल बनियानधारी युवक स्कूटी चुराकर फुर्र हो गया। शहर के कई सीसीटीवी कैमरों में वो जाता हुआ दिखाई भी दिया है। बड़ी बात यह है कि वो चोरी के 24 घंटे बाद भी पुलिस की पकड़ में नहीं आया है। शहर के मौहल्ला रामपुरी निवासी प्रदीप वर्मा की स्कूटी संख्या यूपी 12 एए 6361 रुड़की रोड पर एक

शहर में 77 सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन की निगरानी के बावजूद नहीं थम रहा वाहन चोरी का सिलसिला

फर्म के बाहर खड़ी की थी। इसी बीच लाल रंग की बनियान पहने हुए एक युवक आता है। गले में बैग लटका हुआ है और हाथ में लाठी है। सिर पर वो टोपी पहने हुए है। पहले वह स्कूटी पर बैठता है और फिर लॉक तोड़कर स्कूटी ले जाता है। रुडकी रोड से लेकर सूजडू चुंगी तक लगे सीसीटीवी कैमरों में उसकी मौजूदगी मिलती है। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस अभी तक चोर को नहीं पकड़ पाई है। बता दें कि शहर में 77 सीसीटीवी कैमरे और कांवड़ यात्रा के मद्देनजर ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। इसके बावजूद भी चोरी की वारदातों में कमी नहीं आ रही है।

ईओ ने निजता उल्लघंन में दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

- पालिका ईओ ने वार्ड सभासद को लिखा पत्र, जताई नाराजगी
- नगरपालिका ईओ आवास के रेनोवेशन में आया नया मोड़

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। पालिका के ईओ आवास के रेनोवेशन शिकायत मामले में अब एक ओर संवेदनशील मोड़ आ गया है। पालिका सभासद की ओर से ईओ के आवास की सुरक्षा में सेंध लगाते हुए तार तार करते हुए उनके आवास के अंदर के कमरों, सुरक्षा गार्ड और बगीचे तक के फोटो लेकर उनके विरुद्ध डीएम को शिकायत की है। ईओ ने इसे निजता के अधिकार का उल्लघंन और सुरक्षा में सेंध बताते हुए शिकायतकर्ता सभासद को कड़ी नसीहत और चेतावनी भरा पत्र जारी किया है। इसमें उन्होंने सवाल उठाया कि अपने क्षेत्र की विकास की राजनीति को छोड़कर आखिर उनके घर की जासूसी किस मकसद से हो रही है। ईओ ने सभासद को कानूनी कार्यवाही करने के साथ ही महिला आयोग तक पहुंचने की चेतावनी देने के साथ चेयरपर्सन, डीएम व एडीएम प्रशासन को पत्र भेजा है।

नगरपालिका परिषद् वार्ड 50 के सभासद नौशाद खां ने बीते 9 जुलाई को डीएम को पत्र देकर पालिका की ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के सरकारी आवास के पालिका प्रशासन द्वारा करायें रेनोवेशन में धांधली के आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। इसमें सभासद ने अपने शिकायती पत्र के साथ 4 फोटो भी संलग्न किए, जोकि ईओ आवास के अंदर और बाहर के हैं। पत्र में सभासद ने ईओ आवास पर लगाये गये सीसीटीवी कैमरे, कमरे में डाले डबल बेड, मेज कुर्सी, पर्दों, खिड़की और दरवाजे लगाने का उल्लेख करते हुए जांच कराने की मांग की। यह पत्र पालिका पहुंचा तो एक नए विवाद ने जन्म ले लिया, जिसके बाद अब विवाद सतह पर आ गया है। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने सभासद द्वारा उनके आवास के अंदरूनी हिस्से के फोटो खींचने पर आपत्ति व्यक्त करते हुए इसे आवास की सुरक्षा में सेंध और निजता के अधिकार का उल्लघंन बताते हुए शिकायतकर्ता सभासद नौशाद खां को पत्र जारी किया है। ईओ ने कहा कि जो आरोप उन्होंने लगाए हैं, उनका जवाब डीएम को वो अलग से देंगी, लेकिन वो यह बतायें कि उनके आवास के अन्दर की फोटो कैसे प्राप्त की गई? क्या एक साल की बेटी के साथ सरकारी आवास में रह रही एक महिला अधिकारी की जासूसी कर रहे हैं? सभासद के इस कदम को ईओ ने निंदनीय व शर्मनाक बताते हुए कहा कि इस हरकत के बाद मैं अपनी बेटी के साथ सरकारी आवास में रहने में असुरक्षित और भयभीत महसूस कर रही हूं। आवास पर सीसीटीवी कैमरे और गार्ड मैंने अपनी व बेटी के लिए सुरक्षात्मक उपाय के तहत लगाये हैं।

सभासद नौशाद ने डीएम को दिया एक ओर नया पत्र

दावा : नहीं कराई जासूसी, व्हाट्सएप स्टेटस से लिए फोटो

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। ईओ आवास के रेनोवेशन में धांधली करते हुए करीब छह लाख रुपये का पेमेंट पालिका से कराकर बंदरबांट करने के आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत करने वाले सभासद नौशाद खां ने शनिवार को एक बार फिर इस मामले में डीएम से मिलकर नया पत्र दिया है। उन्होंने दावा किया कि उनके द्वारा ईओ आवास की कोई जासूसी नहीं कराई और न वो उनके आवास पर कभी गए हैं। जो फोटो शिकायत पत्र के साथ संलग्न किए हैं, वो उन्होंने ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के व्हाट्सएप स्टेटस से ही स्क्रीन शॉट के जरिये प्राप्त किये हैं। शनिवार को सभासद नौशाद खां ने डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी को सौंपे पत्र में तीन फोटो संलग्न किए हैं। स्टेटस पर यह वीडियो 05 मई 2024 को देखी गई और वीडियो से स्क्रीन शॉट 9:23 बजे लिए गए हैं। सभासद का आरोप है कि पालिका ईओ और निर्माण विभाग के एई द्वारा चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को एक साजिश के तहत फंसाने के लिए ईओ आवास रेनोवेशन का टैण्डर निकाला, जिसे आज तक किसी ने नहीं लिया। उन्होंने किसी की निजता का उल्लघंन नहीं किया। उन्होंने डीएम और चेयरपर्सन से मामले में निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पर कार्यवाही करने की मांग की है।

सन्दिग्ध परिस्थितियों में किसान की मौत, मचा कोहराम

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। खेत में सिंचाई करने गये किसान जब घर ने लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश की। जहाँ जंगल मे अचेत अवस्था मे मिले किसान को अस्पताल में लाया गया, जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत से कोहराम मच गया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निरगाजनी में शनिवार देर शाम 63 वर्षीय किसान संजीव की मौत से कोहराम मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान संजीव कुमार शनिवार की शाम खेतों में सिंचाई करने गए थे देर शाम तक वापस न लौटने पर पुत्र अभिनव उनकी तलाश में खेतों पर पहुंचा तो पिता को अचेतअवस्था में नलकूप के हौज में पड़ा देखा तो अभिनव के होश उड़ गए उनके पैर में कपड़े की रस्सी से बंद लगा मिला आनन-फानन में परिजन किसान को भोपा सी एच सी पर लेकर आए जहां डॉक्टर ने किसान को मृत घोषित कर दिया किसान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। उपस्थित ग्रामीणों के अनुसार किसान की मौत सर्प दंश से हुई है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतेन्द्र कुमार ने बताया कि मृत व्यक्ति को अस्पताल में लाया गया था। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पस्ट हो सकता है। थाना प्रभारी

निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि सर्प दंश से किसान की मौत की सूचना मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा रहा है

शिव चौक पहुंचे एडीजी डीके ठाकुर, एसएसपी संग किया पैदल मार्च

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए शनिवार को अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन डीके ठाकुर ने शिव चौक पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के साथ अस्पताल तिराहे तक पैदल भ्रमण कर शिव भक्तों का कुशलक्षेम लिया। अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन डीके ठाकुर शनिवार को शिव चौक पहुंचे और यहां एसएसपी अभिषेक सिंह के साथ मिलकर थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के अन्तर्गत स्थित शिव चौक, मीनाक्षी चौक, अस्पताल तिराहा, रूड़की रोड आदि स्थानों पर कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया गया। एडीजी डीके ठाकुर द्वारा कांवड़ ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने, कांवड यात्रियों के साथ शालीनता से व्यवहार करने एवं उनकी हरसम्भव सहायता करने तथा डायवर्जन प्लान को कड़ाई से लागू कराते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने, विपरीत परिस्थितयों में कांवड़ियों को अतिशीघ्र मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने तथा हर सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के निर्देश दिये। एडीजी ने कांवड़ मार्ग पर ड्रोन कैमरों से निगरानी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने पैदल भ्रमण के दौरान कांवडियों से वार्ता कर उनकी कुशलक्षेम भी ली। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक नगर ब्योम बिंदल सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

ड्राइवर-कंडक्टर के अभाव में खड़ी हो गई रोडवेज की करीब डेढ़ हजार बसें

लखनऊ, 27 जुलाई (एजेंसी)। रोडवेज में लखनऊ सहित प्रदेशभर में प्रतिदिन करीब डेढ़ हजार बसों का संचालन ड्राइवरों, कंडक्टरों के अभाव में खड़ी रहती हैं। इसकी वजह से डग्गामार बसों को पनपने का मौका मिल रहा है। चूंकि, डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिए हैं, इसलिए रोडवेज बसों को सड़कों पर उतारने की कवायद की जा रही है। बसों में जो कमियां मिलती हैं, उन्हें वर्कशॉप में दूर नहीं किया जा पा रहा है, जिससे दिक्कतें बनी हुई हैं। रोडवेज लखनऊ परिक्षेत्र में रोजाना औसतन 181 बसें रुट पर नहीं जा पा रहीं हैं, जिसके चलते 25 लाख रुपये का नुकसान हो रहा है। क्षेत्रीय प्रबंधक(आरएम) ने इस बाबत जिम्मेदारों से तीन दिन में जवाब मांगा है। बसों का संचालन नहीं होने के पीछे की वजहें अफसरों को बतानी होंगी।

भाजपा के नेताओं पर हाईकमान ने लगाई टेप

चेतावनी: शक्ति प्रदर्शन और बयानबाजी से आएं बाज, दोनों डिप्टी सीएम से मिले अमित शाह

लखनऊ, 27 जुलाई (एजेंसी)। यूपी भाजपा में मचे घमासान को लेकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने कड़ी नाराजगी जताई है। हाईकमान ने पार्टी के सभी मंत्रियों और विधायकों को सार्वजनिक बयानबाजी और शक्तिप्रदर्शन जैसी स्थिति पैदा करने से बाज आने का फरमान भी सुनाया है। पार्टी हाईकमान की ओर से सभी नेताओं से यह भी कहा गया है कि मनभेद और मतभेद का सार्वजनिक प्रदर्शन करने की आदत पर लगाम लगाएं। सभी मंत्री अपने-अपने काम काज पर ध्यान दें, किसी दूसरे के कामकाज में दखलअंदाजी न करें।

सूत्रों के मुताबिक भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में बुलाई गई दो दिवसीय मुख्यमंत्री की बैठक शुरू होने से पहले उप मुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक पार्टी कार्यालय पहुंचे थे। दोनों नेताओं की अमित शाह से मुलाकात हुई। सूत्रों की माने तो पहले अमित शाह ने दोनों डिप्टी से सीएम से बात की। इसके बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष की मौजूद में यूपी के हालात पर चर्चा हुई है। दोनों डिप्टी सीएम ने अपने-अपने पक्ष रखे। इस पर उन्हें आपस से मिल जुलकर काम करने के साथ ही 10 विधानसभा के लिए होने वाले उप चुनाव में जुटने को कहा गया है। उधर मुख्यमंत्री की आज शीर्ष नेतृत्व के किसी नेता से अकेले में मुलाकात तो नहीं हुई है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि शुक्रवार को दिल्ली पहुंचने पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने यूपी भवन में करीब एक घंटे से तक सीएम योगी से मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच यूपी की ताजा सियासी हालात पर चर्चा हुई है। सूत्रों का कहना है कि सीएम की भले ही शीर्ष नेतृत्व से अकेले में मुलाकात नहीं हुई, लेकिन बीएल संतोष ने सीएम के साथ हुई बातचीत का ब्योरा शीर्ष नेतृत्व के सामने रखा है। इसके बाद ही हाईकमान ने सभी नेताओं को सार्वजनिक रूप से बयानबाजी न करने की नसीहत दी है। मुख्यमंत्री रविवार को सुबह पीएम नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा से मुलाकात कर सकते हैं। हालाकि शनिवार को नीति आयोग और मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में सीएम की मुलाकात तो तीनों नेताओं से हुई है, लेकिन यूपी के संदर्भ में बातचीत के लिए योगी रविवार को तीनों से नेताओं से मिल सकते हैं। जिसमें 10 विधानसभा के लिए होने वाले उप चुनाव समेत अन्य मसलों पर चर्चा कर सकते हैं।

केदारनाथ यात्रा मार्ग पर पहाड़ी से हुआ भारी भूस्खलन

रुद्रप्रयाग, 27 जुलाई (एजेंसी)। उत्तराखंड में भारी बारिश-भूस्खलन ने तबाही मचाई हुई है। टिहरी घनसाली में मां-बेटी की मौत हो गई। तो वहीं केदारनाथ यात्रा मार्ग पर पहाड़ी से भूस्खलन की बेहद डरावनी तस्वीर सामने आई। नदियों के रौद्र रूप में कई मकान, भवन समा गए। रुद्रप्रयाग जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि केदारनाथ यात्रा मार्ग सोनप्रयाग शटल पार्किंग के ऊपर से चट्टान गिरने की सूचना मिली। कोई भी जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। पहले से ही सभी यात्रियों को सतर्क कर दिया गया था। यात्रियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए यात्रा कुछ समय के लिए बाधित है।

हरिद्वार में कांवड़ खंडित होने पर कांवड़ियों का बवाल, सड़क पर लगाया जाम, मारपीट

हरिद्वार, 27 जुलाई (एजेंसी)। बहादराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत जल लेकर अपने गंतव्य को जा रहे कांवड़ यात्रियों ने बीच सड़क पर जमकर हंगामा किया। बाइक सवार युवक पर कांवड़ खंडित करने का आरोप लगाते हुए कांवड़ियों ने उसके साथ मारपीट की। घटना बजार चौकी के धनौरी बाईपास की है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवक की साइड पैदल जल लेकर जा रहे कांवड़ियों की कांवड़ पर लग गई थी। कांवड़ यात्रियों द्वारा जल खंडित होने का आरोप लगाते हुए युवक के साथ मारपीट की गई। कांवड़ियों द्वारा बहादराबाद से धनौरी जाने वाला मार्ग जाम कर दिया गया। वहीं, सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची तीन थानों के पुलिस फोर्स ने बमुश्किल मामला शांत कराया। जिसके बाद मेरठ से आए कांवड़ियां अपने गंतव्य को रवाना हुए। वहीं, बाइक सवार युवक नशे की हालत में बताया जा रहा है। मामले में थाना अध्यक्ष नरेश राठौर ने बताया कि कांवड़ियों को समझा कर उनके गंतव्य को रवाना कर दिया गया है।

दर्दनाक सड़क हादसे में मामा भांजे की मौत

हरिद्वार, 27 जुलाई (एजेंसी)। बिहारीगढ़-रोशनाबाद मार्ग पर बुग्गावाला थाना क्षेत्र के बुधवा शहीद गांव के पास बाइक सवार दो युवकों को तेज रफ्तार कार ने सामने से टक्कर मारी टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों बाइक सवार मामा भांजे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बिहारीगढ़ थाना क्षेत्र के थापुल गांव निवासी राव अल्ताफ और उसका भांजा राव एजाज निवासी राजपुताना बढ़ेढ़ी से बिहारीगढ़ थापुल एजाज अपने मामा अल्ताफ को छोड़ने जा रहा था जैसे ही वह बुग्गावाला क्षेत्र के गांव बुधवाशाहिद पहुंचे हरियाणा नंबर की कार ने रॉन्ग साइड जाकर टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी की बाइक सवार दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। कार चालक गुरदीप सिंह पुत्र किशन कुमार निवासी दुर्गा कॉलोनी करनाल से हरिद्वार जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की कार की रफ्तार ज्यादा थी और उसने रॉन्ग साइड जाकर बाइक में टक्कर मारी जिससे यह हादसा हुआ है।

अखिलेश यादव ने कहा- सत्ता में आते ही 24 घंटे में रद्द होगी अग्निवीर योजना

लखनऊ, 27 जुलाई (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला बोलते हुए एक्स पर लिखा कि सत्ता में आते ही 24 घंटे में देश के सुरक्षा से समझौता करने वाली और सैनिकों के भविष्य से खिलवाड़ करनेवाली अल्पकालिक अग्निवीर सैन्य भर्ती योजना रद्द होगी। उन्होंने लिखा कि अग्निवीर पर यही मांग है कि पुरानी भर्ती की फिर बहाली हो।

टिहरी में फिर हुआ भूस्खलन, 15 मकान मलबे में दबे; तीन दिन तक स्कूल बंद

देहरादून, 27 जुलाई (एजेंसी)। उत्तराखंड के कई इलाकों में भारी बारिश के चलते जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गईं। शनिवार को टिहरी के तिनगढ़ गांव में एक बार फिर भूस्खलन हुआ। इसमें 15 आवासीय मकान मलबे में दब गए। हालांकि प्रशासन ने सुबह ही इन घरों को खाली करा लिया था, जिसके कारण कोई हताहत नहीं हुआ। ग्रामीणों को विनकखाल इंटर कॉलेज में शिफ्ट किया गया है। डीएम मयूर दीक्षित ने बताया कि आपदा को देखते हुए भिलंगना ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्रों और कक्षा एक से 12वीं तक के सभी स्कूल सोमवार, मंगलवार और बुधवार तक बंद रहेंगे। शनिवार को ही टिहरी के भिलंगना ब्लॉक के तोली गांव में भूस्खलन की चपेट में आए एक मकान के अंदर मां और बेटी दब गईं। जिससे दोनों की मौत हो गई। परिवार के अन्य सदस्यों ने देर रात किसी तरह बाहर भाग कर जान बचाई।

भीषण सड़क हादसा, एक ही परिवार के आठ लोगों की मौके पर ही मौत

अनंतनाग, 27 जुलाई (एजेंसी)। दक्षिणी कश्मीर के अनंतनाग जिले के डकसुम में शनिवार को भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई है। सभी लोग किश्तवाड़ के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार परिवार किश्तवाड़ से सिंथन टॉप होते हुए मारवाह की ओर जा रहा था। पुलिस ने बताया मरने वालों में पांच बच्चे, दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। इनकी पहचान कर ली गई है। मरने वालों में इम्तियाज राथर पुत्र गुलाम रसूल राथर निवासी किश्तावर तथा उनके परिवार के लोग शामिल हैं।

भारत ने पहले टी20 में श्रीलंका को 43 रन से हराया, रियान पराग ने 3 विकेट झटके

पल्लेकल, 27 जुलाई (एजेंसी)। तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 43 रन से हरा दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 213 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका की टीम 19.2 ओवर में 170 रन पर सिमट गई। एक वक्त श्रीलंका का स्कोर एक विकेट पर 140 रन था। हालांकि, इसके बाद श्रीलंकाई टीम ने 30 रन बनाने में अगले नौ विकेट गंवा दिए। श्रीलंका की ओर से पथुम निसांका ने सबसे ज्यादा 79 रन बनाए। वहीं, भारत की ओर से रियान पराग ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। उन्होंने 20वें ओवर में लगातार दो गेंदों पर दो विकेट झटका। इस तरह टीम इंडिया सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। सीरीज का अगला मुकाबला रविवार को खेला जाएगा।

कोचिंग इंस्टिट्यूट के बेसमेंट में भरा पानी

नई दिल्ली, 27 जुलाई (एजेंसी)। मध्य दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में यूपीएससी की तैयारी करवाने राव इंस्टीट्यूट में शनिवार रात एक बड़ा हादसा हो गया। यहां बारिश के दौरान इंस्टीट्यूट की लाइब्रेरी में पानी भर गया। हादसे के समय पांच से सात बच्चे यहां फंस गए। शाम करीब 7.01 बजे दमकल विभाग और पुलिस को सूचना मिली। बेसमेंट काफी पानी भर चुका था। हालात को देखते हुए एनडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया गया। बचाव दल को दो छात्राओं के शव बरामद हुए हैं। बेसमेंट में काफी अंधेरा है छात्रों के रेस्क्यू कराने में खासी दिक्कत आ रही है। फिलहाल गोताखोर छात्रों की तलाश में जुटे हैं। पंप लगाकर बेसमेंट में पानी भी निकाला रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अलावा दमकल और एनडीआरएफ के अधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं। खबर मिलते ही स्थानीय लोगों की खासी भीड़ वहां पर जुट गई है। फिलहाल तीन छात्रों के गायब होने की सूचना मिल रही है। आसपास के अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। मौके पर दमकल की सात गाड़ियों को अलावा एंबुलेंस और एनडीआरएफ की गाड़ियां मौजूद हैं।

रिटर्न दाखिल करने आखिरी तारीख 31 जुलाई से आगे बढ़ेगी या नहीं

नई दिल्ली, 27 जुलाई (एजेंसी)। आयकर रिटर्न दाखिल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई 2024 है। बीते कुछ दिनों से मीडिया में खबरें चल रही हैं कि ई-फाइलिंग साइट पर आ रही दिक्कतों को देखते हुए रिटर्न दाखिल करने की आखिरी तारीख को बढ़ाया जा सकता है। हालांकि अब तक सरकार की ओर से ऐसा कोई ठोस संकेत नहीं मिला है। ऐसे में अगर आपने अभी तक आईटीआर रिटर्न दाखिल नहीं किया है, तो जल्दी कर लें नहीं तो आपको परेशानी उठानी पड़ सकती है। इस बार करदाताओं को ई-फाइलिंग पोर्टल पर अपना रिटर्न फाइल करने के दौरान कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में लोगों ने ऐसी शिकाएतें की है, पर आयकर विभाग की ओर से हर बार परेशानियों को ठीक कर लेने का भरोसा दिया गया है। ऐसे में इस बात की संभावना कम ही है कि सरकार रिटर्न दाखिल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई से आगे बढ़ाएगी। आयकर विभाग के आंकड़ों के अनुसार 26 जुलाई 2024 तक करीब 5 करोड़ आयकर दाताओं ने अपना टैक्स रिटर्न फाइल कर दिया है। विभाग के अनुसार 5 करोड़ आयकर रिटर्न का आंकड़ा इस साल एक दिन पहले ही हासिल कर लिया गया है। पिछली बार आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या 5 करोड़ के पार 27 जुलाई को पहुंची थी। आयकर विभाग ने उम्मीद जताई है कि इस साल पिछले साल की तुलना में अधिक लोग अपना रिटर्न दाखिल करेंगे। पिछले वर्ष 31 जुलाई तक 6.77 करोड़ लोगों ने अपना आयकर रिटर्न दाखिल किया था। आयकर विभाग ने अपने एक्स हैंडल पर बचे हुए करदाताओं से अपील की है कि वे भी आखिरी हफ्ते की मशक्कत से बचते हुए समय रहते अपना रिटर्न फाइल कर लें। करदाताओं और चार्टर्ड अकाउंटेंट संगठनों ने ई-फाइलिंग पोर्टल में आ रही दिक्कतों की शिकायत की थी।

एक हफ्ते बंद पड़ी गांधी कॉलोनी पुल की लाइटें

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। कांवड़ यात्रा के दौरान विभागों की हरामखोरी भी बढ़ गई है। गांधी कॉलोनी के फ्लाईओवर पर पिछले एक सप्ताह से अंधेरा है। इस बाबत जब पालिका के जिम्मेदारों को बताया गया तो उन्होंने यह कह कर पल्लाड़ लिया कि इस समय पूरी पालिका कांवड़ यात्रा में लगी है। ऐसे में उनके पास बाकी शहर को देखने की कोई व्यवस्था नहीं है। गांधी कॉलोनी पुल से बड़ी तादाद में लोगों के साथ कांवड़िए भी गुजरते हैं, पर पालिका को इसकी परवाह नहीं है। कांवड़ के बहाने कोई कुछ करने को तैयार नहीं है।

शेष : नूर ज्वैलर्स डकैती में तीन महिलाओं समेत आठ गिरफ्तार, पांच फरार

11 जुलाई को फेल हो गया था डकैती का प्रयास

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। नूर ज्वैलर्स में डकैती फुल प्रूफ प्लान से डाली गई थी, ताकि पुलिस उन तक पहुंच ना सके। एक माह तक रेकी कर एक-एक कमी को दूर किया था, मगर 11 जुलाई को डकैती का प्रयास

डकैतों ने घटना के दौरान नहीं किया मोबाइल का उपयोग

विफल हो गया था। इसके बाद 15 जुलाई को फिर आए बदमाशों ने अपनी योजना को अमलीजामा पहनाकर लाखों का माल लूट लिया था। ये बदमाश इतने शातिर थे कि इनके द्वारा वारदात को अंजाम देने के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग ही नहीं किया। नूर ज्वैलर्स में लगे सीसीटीवी के डीवीआर को पुलिस बरामद नहीं कर पाई है, जो बदमाश अपने साथ ले गई थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि साली से मुखबिरी मिलने के बाद सोनू उर्फ अफसर ने बुढ़ाना स्थित अपनी डेयरी पर चचेरे भाई शाहरूख खान से मिलकर डकैती की योजना बनाई थी। तय किया था कि घटना में नए चेहरों को शामिल किया जाए, ताकि रिस्क की संभावनाएं कम से कम रहे। भानुमति के कुनबे की तरह बुढ़ाना, तितावी, जानसठ से जुड़े नए चेहरों को जोड़कर नया गैंग तैयार किया गया। डकैती की घटना के लिए फुल प्रूफ प्लान बनाया गया है। इसके लिए पूरे माह तक रेकी की गई है, ताकि वारदात करने के लिए पूरी तैयारी कर ली जाये। घटना से चार दिन पहले 11 जुलाई को भी इन बदमाशों ने फखरूल हसन के यहां पर डकैती डालने की योजना बनाई थी, पूरी फिल्डिंग लगा दी गई थी।

वारदात की पूरी तैयारी थी, लेकिन उस दिन नूर ज्वैलर्स पर ज्यादा भीड़ होने के कारण बदमाशों की सारी तैयारी विफल हो गई थी। इस विफलता के बाद फिर से बदमाशों ने तैयारी की और 15 जुलाई के दिन वो वारदात को अंजाम देने में सफल हो गये। सोनू उर्फ अफसर बुर्का पहनकर अपने भाई शाहरुख पठान के साथ नूर ज्वैलर्स पर पहुंचा और फखरूल हसन से उनका सामना हुआ। दुकान में कोई और नहीं था, गली भी सुनसान थी, मौका देखा और बाहर गली में फिल्डिंग जमाये खड़े अपने चार साथियों को भी इशारा कर अंदर बुला लिया गया। अंदर आते ही दुकान का शटर गिराकर फखरूल हसन को तमंचा दिखाकर खामोश करा दिया। मकान के अंदर गये तो पीड़ित परिवार को कब्जे में कर लिया गया। एक बदमाश ने सभी के मुंह पर टेप चिपका दी ताकि कोई शोर न मचा पाये। कमरे में बन्द कर बदमाशों ने इत्मीनान से सोने और चांदी के जेवरात तथा नगदी को समेटा और फरार हो गये। यह डकैती पूरी तरह से फिल्मी रही और इसका खुलासा भी उतना ही सनसनीखेज साबित हुआ है। बदमाश इतने शातिर हैं कि उन्होंने पुलिस को चकमा देने और पकड़े जाने के डर से मोबाइल फोन का प्रयोग ही नहीं किया। यही कारण रहा कि पुलिस को इन बदमाशों का सुराग लगाने के लिए काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। लेकिन इस घटना का पर्दाफाश करने में पुलिस सर्विलांस सैल की टीम की भी अहम भूमिका रही है। इसके साथ ही माल बरामद कर अपनी पीठ थपथपा रही पुलिस टीम इन बदमाशों से नूर ज्वैलर्स से लूटे गये सीसीटीवी कैमरों के डीवीआर को बरामद करने में विफल रही है।

रहमतनगर की रजिया ने मुखबिर बनकर जीजा अफसर से डलवाई डकैती

ससुराल के पड़ौसी के घर डकैती डालने आए सोनू उर्फ अफसर ने पहचान छिपाने को पहना था बुर्का

मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)। नूर ज्वैलर्स में हुई डकैती में पड़ोस की गली में रहने वाली रजिया की मुख्य भूमिका रही। ज्वैलर्स के यहां से जेवरात खरीदने वाली रजिया ने अपने जीजा सोनू उर्फ अफसर निवासी बुढ़ाना को मोटा माल मिलने की मुखबिरी कर डकैती की यह वारदात अंजाम दिलाई थी। ससुराल से जुड़ा मामला होने के कारण सोनू उर्फ अफसर ने अपनी पहचान छिपाने को बुर्के का इस्तेमाल किया था। मुखबिर साली रजिया तो पकड़ी गई, अब पुलिस मास्टर माइंड जीजा की तलाश में दबिश दे रही हैं।

शहर के शाहबुद्दीनपुर रोड पर नूर ज्वैलर्स के मालिक फखरूल हसन के यहां हुई डकैती की घटना के बाद से ही यह माना जा रहा था कि डकैती में आसपास की ही मुखबिरी रही होगी, हुआ भी ऐसा ही। घटनास्थल से दूसरी गली में रहने वाली रजिया पत्नी नईम पीड़ित फखरूल हसन के यहां कई बार जेवरात खरीदने के लिए आई थी, इस कारण उसकी नजर में यह दुकान खटक गई थी। रजिया ने बुढ़ाना निवासी अपने जीजा सोनू उर्फ अफसर को नूर ज्वैलर्स के यहां मोटा माल मिलने की मुखबिरी दी थी। इसके बाद ही सोनू उर्फ अफसर ने साली की मुखबिरी पर काम करते हुए गैंग तैयार कराकर डकैती की घटना को अंजाम दिया था। सोनू खुद डकैती में शामिल था। वो ही अपने साथी के साथ बुर्का पहनकर सबसे पहले नूर ज्वैलर्स में जेवरात खरीदने के लिए घुसा था। सोनू अपनी पहचान छिपाने के लिए जानबूझकर बुर्का पहने था, क्योंकि वो जानता था कि ससुराल से जुड़ा मामला होने के कारण उसकी पहचान आसानी से हो जाएगी, इसलिए उसने वारदात में दिमाग चलाते हुए बुर्का पहना था।

एसएसपी अभिषेक सिंह ने बताया कि जीजा-साली की जोड़ी ने मोटे माल की चाह में यह घटना कराई थी। पुलिस ने रजिया को तो गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके जीजा और डकैती के मास्टर मांइड सोनू उर्फ अफसर की तलाश शुरू कर दी है।